सुविचार

रिश्तों का गलत
इस्तेमाल कभी मत
करना,
अच्छे लोग जिंदगी में
बार बार नही आते !

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
गरीबों का सितारा

।।दशकों पुराना साथ।।
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज
"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 अंकः 7 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, शुक्रवार 4 अगस्त, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटीः गहलोत, पायलट, डोटासरा और सीपी जोशी को इन क्षेत्रों में टिकट और जीत की दी जिम्मेदारी

राजस्थान कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी में सीएम अशोक गहलोत, सचिन पायलट, गोविंद सिंह डोटासरा और सीपी जोशी को जगह दी गई है। इस बार इन नेताओं पर टिकट देने और जीत की जिम्मेदारी तय की गई है।

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर एआईसीसी ने कमान अपने हाथ में ले ली है।चाहे वरिष्ठ पर्यवेक्षक या पर्यवेक्षक बनाने की बात हो, 25 लोकसभा क्षेत्र में पर्यवेक्षक लगाने की बात हो, या फिर अब स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन और सदस्यों की घोषणा हो। एआईसीसी ने 2023 के चुनाव के लिए पार्टी की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।इधर राजस्थान की स्क्रीनिंग कमेटी में जिस तरह से नेताओं को जगह दी गई है, उससे साफ दिखाई देता है कि इस बार टिकट वितरण से लेकर चुनाव में जीत दिलाने के लिए नेताओं को जिम्मेदारी सांप दी गई है।जिस तरह से इस कमेटी में राजस्थान के चार नेताओं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, स्पीकर और पूर्व राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष सीपी जोशी और पूर्व राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट को शामिल किया गया है। वह इशारा दे रहा है कि इन चारों नेताओं के पास पूरे राजस्थान की जिम्मेदारी तो होगी ही, इसके साथ ही इन चारों नेताओं को अलग-अलग क्षेत्र की जिम्मेदारी भी दे दी गई है।जहां से न केवल अपने क्षेत्र के नेताओं के टिकट का पैनल बना कर देना होगा, बल्कि क्षेत्र के नेताओं को चुनाव जिताने की जिम्मेदारी होगी।पढ़ेंः कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की घोषणा, राजस्थान की जिम्मेदारी गौरव गोगोई को, अशोक गहलोत और सचिन पायलट को भी मिली जगहजोधपुर-जयपुर गहलोत, दौसा-अजमेर पायलट, सीकर-बीकानेर डोटासरा और उदयपुर के टिकट और जीत की जिम्मेदारी सीपी जोशी के जिम्मे होगी। अलवर का जिम्मा भंवर जितेंद्र को दी गई है।वैसे तो जिन नेताओं को स्क्रीनिंग कमेटी में राजस्थान से शामिल किया गया है, उन चारों नेताओं की जिम्मेदारी उनके पदों के लिहाज से पूरे राजस्थान में कांग्रेस पार्टी को चुनाव में जीत दिलाने की होगी।लेकिन जो सूची आई है, उसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को जोधपुर के साथ ही जयपुर की अतिरिक्त जिम्मेदारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को सीकर और बीकानेर का अतिरिक्त जिम्मा, सचिन पायलट को अजमेर और दौसा और सीपी जोशी के पास उदयपुर की जिम्मेदारी अतिरिक्त रूप से दी जाएगी। इन चारों नेताओं के साथ ही मध्य प्रदेश स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन बनाए गए कांग्रेस महासचिव भंवर जितेंद्र के पास अलवर की जिम्मेदारी होगी।पढ़ेंः बुजुर्गों को टिकट मिलेगा या नहीं, स्क्रीनिंग कमेटी करेगी तय- कांग्रेस राष्ट्रीय सचिवस्क्रीनिंग कमेटी फाइनल करती है टिकट के लिए तीन-तीन नामों की सूचीः चुनाव भले ही लोकसभा का हो या विधानसभा का, स्क्रीनिंग कमेटी का हमेशा महत्वपूर्ण स्थान होता है।

स्क्रीनिंग कमेटी ही है, जो प्रदेश के अलग-अलग स्थानों से सर्वे के आधार पर आए नामों की छंटनी करती है और सर्वश्रेष्ठ 3 जिताऊ उम्मीदवारों का पैनल बनाकर कांग्रेस इलेक्शन कमेटी को भेजती है। ऐसा बहुत कम होता है कि स्क्रीनिंग कमेटी जिन तीन नामों का पैनल बनाकर भेजे, उनके बाहर से किसी का टिकट फाइनल हो। ऐसे में स्क्रीनिंग कमेटी के सामने जिन नेताओं के नाम पर सहमति बनेगी, ज्यादातर उन्हीं नेताओं को कांग्रेस पार्टी अपने सिंबल देगी।पढ़ेंः वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के बेटों की योग्यताओं का चुनाव में करेंगे उपयोगः काजी निजामुद्दीनक्या पायलट को मिलेगा चैंपियन कमेटी का भी जिम्माः राजस्थान के लिए जो एआईसीसी की ओर से महत्वपूर्ण कमेटियां बनाई जानी थीं, उनमें अब कुछ ही कमेटियां बची हैं।एकमात्र कैंपेन कमेटी ही ऐसी है जिस का चेयरमैन कौन होगा? इस पर हर किसी की नजर है। कहा जा रहा है कि पूर्व राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट को कैंपेन कमेटी का चीफ बनाया जा सकता है। अब इंतजार इसी बात का है कि क्या सचिन पायलट को कैंपेन कमेटी का चीफ बनाकर राजस्थान में एआईसीसी अहम जिम्मेदारी देती है या नहीं।

चुनाव से पहले CM अशोक गहलोत का बड़ा बयान- 'कई बार मुख्यमंत्री पद छोड़ने की सोचता हूं लेकिन...

सीएम गहलोत ने गुरुवार को राज्य के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के शिलान्यास एवं उद्घाटन के वर्चुअल कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अंगदान के लाभार्थियों से बातचीत की।

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि वह कई बार मुख्यमंत्री पद छोड़ने की सोचते हैं, लेकिन यह पद उन्हें नहीं छोड़ रहा। साथ ही गहलोत ने आगामी विधानसभा चुनाव की ओर इशारा करते हुए कहा कि अब आगे देखते हैं क्या होता है। मुख्यमंत्री गहलोत ने गुरुवार को राज्य के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के शिलान्यास एवं उद्घाटन के वर्चुअल कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अंगदान के लाभार्थियों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान एक महिला ने अपने सफल इलाज के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि वह चाहती हैं कि गहलोत ही आगे मुख्यमंत्री बने रहें।

'कई बार सोचता हूं मुख्यमंत्री पद छोड़ना'

इस पर गहलोत ने मुस्कुराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पद जो है ना, मैं कई बार सोचता हूं छोड़ना।।। पर मुख्यमंत्री पद मुझे नहीं छोड़ रहा। मुख्यमंत्री आवास में मंच पर इस कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े लोगों के ठहाकों व तालियों के बीच लाभार्थी महिला ने दोबारा कहा कि मैं तो यही चाहती हूं कि मुख्यमंत्री आप ही रहें।

'मुख्यमंत्री पद मुझे छोड़ नहीं रहा है'

इस पर सीएम गहलोत ने कहा कि आप तो कह रही हो यह लगातार। लेकिन मैं तो खुद कह रहा हूं कि मुख्यमंत्री पद मुझे छोड़ नहीं रहा है। अब आगे क्या होता है देखते हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

'राज्य और केंद्र को मिलकर काम करना होगा'

एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गहलोत अपने दावों पर कायम रहते हुए कहा था कि उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भाषण देना था, जिसे रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि पिछली रात मेरे भाषण को कार्यक्रम से हटा दिया गया, यह हमारे लोकतंत्र की संघीय व्यवस्था के खिलाफ है। राज्य और केंद्र सरकार को मिलकर काम करना होगा।

राजेन्द्र गुढ़ा का आरोप, बोले-जांच एजेंसियों का हो रहा है दुरुपयोग

गहलोत सरकार से बर्खास्त मंत्री और उदयपुरवाटी से विधायक राजेंद्र गुढ़ा ने सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

सितारा न्यूज नेटवर्क

झुंझुनूं। उदयपुरवाटी में राजस्थान सरकार के बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने ऊंट यात्रा के दौरान मीडिया से बातचीत की। इस दौरान गुढ़ा ने उनके जयपुर स्थित सरकारी बंगले पर गुरुवार को जोधपुर पुलिस के आने पर तल्ख प्रतिक्रिया दी और सीधे तौर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को निशाने पर लिया।उन्होंने कहा कि जोधपुर पुलिस के आने की वजह पता नहीं है, बल्कि मीडिया के जरिए उन्हें जानकारी मिली है।

राजेन्द्र गुढ़ा ने कहा कि हम पुलिस का पूरा सहयोग करेंगे। पुलिस के आने और मामले को लेकर गुढ़ा ने कहा कि मैंने और मेरे परिवार ने छह महीने पहले बंगला खाली कर दिया था। मैं कभी-कभी वहां जाता हूं। पुलिस जिन लोगों को लेकर मेरे बंगले पर पहुंची थी, उन्हें मैं नहीं जानता।पढ़ेंः बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के सरकारी आवास पर पहुंची राजस्थान पुलिस, सीसीटीवी भी खंगाले, जानिए क्या है मामलामेरे खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरुपयोगः गुढ़ा राजेन्द्र गुढ़ा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अक्सर कांग्रेस नेता केन्द्र सरकार पर जांच एजेंसियों के गैरवाजिब इस्तेमाल का आरोप लगाते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री मेरे खिलाफ अपनी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग ना करें। राजनीतिक बयानबाजी के जरिए राजेन्द्र गुढ़ा ने कहा कि वैभव चार लाख वोटों से जोधपुर का चुनाव हार गये थे।

उन्हें आरसीए के भ्रष्टाचार की ओर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं सीएम गहलोत को कहना चाहता हूं कि आक्रोश में कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। गुढ़ा ने कहा कि बीते दिनों गहलोत ने उनके विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर खुद सीएम गहलोत ने तारीफ की थी और कहा था कि उनके बिना सरकार नहीं बचती और वे मुख्यमंत्री नहीं होते।

अब हरियाणा के पानीपत में हलचल

नूंह में मारे गए युवक के घर के पास युवकों ने उत्पात मचाया

दुकान और गाड़ियों में की तोड़फोड़

सितारा न्यूज नेटवर्क

नूंह। हरियाणा के नूंह में हुए दंगों के बाद कई इलाकों में तनाव बना हुआ है। तनाव के बीच गुरुवार रात साढ़े 9 बजे पानीपत में कुछ शरारती तत्वों ने उपद्रव मचा दिया। यह घटना पानीपत के नूरवाला की धमीजा कॉलोनी में हुई।

नूंह में जान गंवाने वाला पानीपत का युवक धमीजा कॉलोनी का ही रहने वाला था। गुरुवार रात करीब साढ़े 9 बजे धमीजा कॉलोनी में युवक के घर के पास 15 युवकों के झुंड ने एक विशेष समुदाय से जुड़े व्यक्ति के चिकन कॉर्नर पर एकाएक पथराव कर दिया। इसमें उसकी दुकान के शीशे टूट गए। युवकों ने वहां खड़ी दो गाड़ियों पर भी पत्थर और डंडे बरसाए। इससे दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं।

मौके पर तनाव बढ़ता देखकर इलाके के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने से पहले उपद्रवी फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया।

नूंह में अभिषेक की हत्या के बाद से ही पानीपत में नाजुक स्थिति बनी हुई है। डीएसपी सुरेश कुमार ने कहा कि जिला में किसी तरह के तनाव की कोई स्थिति नहीं है। हालात सामान्य हैं। ये महज शरारती तत्वों की हरकत है। उत्पात मचाने वालों की पहचान की जा रही है। शरारती तत्वों को बख्शा नही जाएगा।

4 जिलों में हैं तनाव पूर्ण हालात

राज्य के 4 जिलों में हालात तनाव पूर्ण बने हुए हैं। चारों जिलों में पैरामिलिट्री फोर्सेज की 20 कंपनियां तैनात की गई हैं। हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 7 हो गई है। छह मौतों का ब्योरा पहले आ चुका था। सातवीं मौत की डिटेल अभी सामने नहीं आई है। नूंह में बुधवार देर रात कर्फ्यू के दौरान तावडू इलाके में कुछ लोगों ने 2 धार्मिक स्थलों पर आगजनी की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली।

आबकारी निरीक्षक 3 लाख की रिश्वत लेते ट्रैप

आबकारी निरीक्षक ठेकेदार से शराब का ठेका बिना रुके चलाने के लिए मांग रही थी पैसा

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। जयपुर एसीबी ने आज आबकारी निरीक्षक को 3 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी की टीम आबकारी निरीक्षक अंकिता माथुर के घर और अन्य ठिकानों पर सर्च कर रही हैं। आबकारी निरीक्षक बिना किसी परेशानी के शराब ठेका चलाने के लिए शराब ठेकेदार को परेशान कर रही हैं। अंकिता यह रिश्वत का पैसा दलाल मोनू अली और असलम के माध्यम से मांग रही थी। बार-बार उसे फोन पर और अन्य माध्यम से धमका रही थी की अगर पैसा नहीं दिया तो नियमों के तहत ठेका चलाना होगा। इस पर शराब ठेकेदार ने एसीबी मुख्यालय पहुंच कर शिकायत दी। जिस पर एसीबी के एडिशनल एसपी राजेन्द्र नैन ने शिकायत का सत्यापन किया जिस पर आज आबकारी निरीक्षक को 3 लाख रुपए के साथ श्याम नगर इलाके में गिरफ्तार किया गया। रिश्वतखोर आबकारी निरीक्षक अंकिता माथुर को एसीबी के अधिक ट्रैप करने के बाद एसीबी मुख्यालय लेकर आ गए हैं।

एडीजी एसीबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि कई समय से शहर में आबकारी निरीक्षकों के ठेकेदारों को परेशान करने की जानकारी मिल रही थी। लेकिन कोई शिकायत नहीं मिल रही थी। तीन दिन पहले ही एक ठेकेदार एसीबी मुख्यालय पहुंचा और उसने आबकारी निरीक्षक अंकिता माथुर के खिलाफ शिकायत दी। शराब ठेकेदार ने बताया कि अंकिता माथुर उसे निरंतर शराब की दुकान को लेकर परेशान कर रही थी।

बिना किसी गलती के शराब की दुकान पर आना और स्टाफ को परेशान किया करती थी। ठेकेदार ने अंकिता माथुर को इस विषय में पूछा तो अंकिता माथुर ने 3लाख रुपए की डिमांड की। इस पर शराब ठेकेदार ने मना कर दिया कि वह पैसा नहीं दे सकेगा। इस पर अंकिता माथुर खुद और अपने स्टाफ से शराब ठेकेदार को परेशान करने लगी। इस पर पर पीड़ित की शिकायत पर एडिशनल एसपी राजेन्द्र नैन से शिकायत का सत्यापन कराया गया। शिकायत की पुष्टि होने पर पुलिस निरीक्षक अर्चना मीणा को टीम के साथ मौके पर भेजा गया। टीम ने आबकारी निरीक्षक अंकिता माथुर पुत्री चन्द्रशेखर माथुर निवासी प्लॉट नं0 138, लक्ष्मण कॉलोनी, श्याम नगर को परिवादी से 3 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

युवाओं के लिए खुशखबरी, कांस्टेबल के 3,578 पदों पर निकली भर्ती

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान पुलिस में भर्ती होने का सपना देख रहे युवाओं के इंतजार की घड़ी खत्म हो गई है। राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के 3,578 पदों पर भर्ती निकाली गई है। राजस्थान पुलिस के विभिन्न जिलों और शाखाओं में इन पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे।राजस्थान पुलिस के विभिन्न जिला, यूनिट व बटालियन में कांस्टेबल सामान्य, कांस्टेबल चालक, कांस्टेबल बैंड, कांस्टेबल माउंटेड और पुलिस दूरसंचार के 3,578 रिक्त पदों के लिए यह भर्ती निकाली गई है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। यह आवेदन पत्र एसएसओ आईडी के माध्यम से 7 अगस्त से 27 अगस्त 2023 तक भरे जा सकते हैं।इस वेबसाइट पर मिलेगा आवेदन का लिंकः एडीजी (पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति) सचिन मित्तल ने बताया कि कांस्टेबल भर्ती के लिए अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन राजकॉम इंफोसर्विस लिमिटेड द्वारा संचालित समस्त ई-मित्र कियोस्क, जन सुविधा केंद्र एवं विभाग की वेबसाइट पर भर सकते है। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

बीजू जॉर्ज जोसफ ने संभाला कार्यभार, अपराध नियंत्रण को लेकर कही यह बात

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। जयपुर के नए पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरुवार को कार्यभार संभाल लिया। वे शाम को पुलिस मुख्यालय से कमिश्नरेट पहुंचे, जहां अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उन्होंने अपराध नियंत्रण को लेकर रणनीति का खुलासा किया।

बीजू जॉर्ज जोसफ ने संभाला कार्यभारजयपुर। राजस्थान में जयपुर पुलिस के नए मुखिया के रूप में एडीजी बीजू जॉर्ज जोसफ ने कार्यभार संभाल लिया है। पुलिस आयुक्तालय पहुंचने पर अधिकारियों ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि सरकार के आदेश की पालना में जयपुर पुलिस कमिश्नर का कार्यभार संभाल लिया है। हमारी टीम का यह प्रयास होगा कि जयपुर सिटी को एक उत्कृष्ट पुलिसिंग का मॉडल दे पाएं। हमारी प्राथमिकता यह रहेगी कि कानून व्यवस्था पर नियंत्रण रखें। अपराध पर नियंत्रण रखें। जयपुर शहर में यातायात सुचारू रहे और असहाय व पीड़ित लोगों की सुनवाई त्वरित और संवेदनशीलता के साथ हो।जो अच्छा काम चल रहा है उसे जारी रखेंगे : बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि अभी जो अच्छा काम चल रहा है, उसे जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि समीक्षा के बाद यदि किसी क्षेत्र में कुछ नवाचार करने की दरकार महसूस हुई तो नए प्रयोग भी किए जाएंगे।पढ़ें : जयपुर के नए पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ, आनंद श्रीवास्तव बने अऊॠलॉ एंड ऑर्डरअधिकारियों के साथ ली बैठक : जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने कार्यभार संभालने के बाद पुलिस कमिश्नरेट में सभी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, जयपुर शहर के सभी डीसीपी, एडिशनल डीसीपी और अन्य अधिकारियों की बैठक लेकर जयपुर आयुक्तालय क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अपराध की स्थिति की समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध पर नियंत्रण रखने और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने के लिए निर्देश भी दिए।

कुलगाम से लापता हुआ सेना का जवान मिला

कुलगाम। कश्मीर के कुलगाम से शनिवार को लापता हुआ सेना का जवान जावेद अहमद वानी मिल गया है। कश्मीर पुलिस के अऊ्ऱ्र विजय कुमार ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेडिकल चेकअप के बाद उससे पूछताछ शुरू की जाएगी। पुलिस ने इससे अधिक जानकारी नहीं दी है। 25 साल का जवान जावेद अहमद कुलगाम जिले के अस्थाल गांव का रहने वाला है। कहा जा रहा था कि आतंकियों ने शनिवार रात करीब 8 बजे उसे उसकी गाड़ी से किडनैप कर लिया था। कार में खून के निशान भी मिले थे। वानी की पोस्टिंग लेह में है।जावेद के माता-पिता ने आतंकियों से बेटे को छोड़ने की गुहार लगाई थी। वानी ईद की छुट्टी मनाने घर आया था। शनिवार को वानी अपनी कार से चावलगाम जा रहा था। कई घंटों तक लापता रहने के बाद गांव के लोगों ने उसे ढूंढना शुरू किया था। तलाशी के दौरान उसकी अनलॉक कार कुलगाम के पास ही प्रानहाल से बरामद की गई थी। कार से जवान की चप्पलें और खून के कतरे मिले थे। सेना और पुलिस की एक टीम सर्च ऑपरेशन चला रही थी।

सीएम अशोक गहलोत का बड़ा दावा, रिपीट होगी कांग्रेस की सरकार

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही समय रह गया। इस चुनाव में बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही मुख्य दल अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। इस बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार राजस्थान में कांग्रेस की सत्ता में वापसी को लेकर बड़ा दावा किया है। साथ ही उन्होंने बताया है कि वे किस आधार पर सरकार रिपीट होने की बात कर रहे हैं।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, "आने वाले चुनाव में जनता इन्हें (बीजेपी) को जरूर जवाब देगी और राजस्थान में इस साल हमारी सरकार की बनेगी। कोरोना में हमने जबरदस्त काम किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली मुंबई और अहमदाबाद न जाने ऑक्सीजन की कमी से मर गए। लेकिन राजस्थान में हमने कोरोनाकाल में बेहतरीन प्रबंधन किया। प्रदेश में हमने गुड गवर्नेंस दी है। महंगाई से जनता को राहत दी फिर हमारी सरकार प्रदेश में क्यों नहीं बनेगी।"

महिलाओं को सरकार देगी फ्री स्मार्टफोन

बता दें कि विधानसभा चुनाव से पहले गहलोत सरकार हर वर्ग को लुभाने का प्रयास कर रही है। इसी बीच 10 अगस्त से प्रदेशभर में जिला एवं ब्लॉक स्तर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के तहत 40 लाख महिलाओं को स्मार्टफोन और डाटा सिम वितरित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने चिरंजीवी परिवारों की महिला मुखिया को इंटरनेट कनेक्टिविटी युक्त स्मार्टफोन उपलब्ध करवाने की घोषणा की थी।

इन्हें मिलेगा लाभ

योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में सरकारी विद्यालयों की कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत छात्रओं, सरकारी उच्च शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्रओं, विधवा अथवा एकल नारी पेंशन प्राप्त महिला, मनरेगा में 100 कार्य दिवस पूर्ण करने वाले एवं इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना में 50 कार्य दिवस पूर्ण करने वाले परिवारों की 40 लाख महिला मुखियाओं को लाभान्वित किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा लाभाथ के ई-वलेट में 6,125 रुपये मोबाइल फोन के लिये तथा 675 रुपये सिम कार्ड मय इंटरनेट डाटा प्लान के लिये हस्तांतरित किये जायेंगे। प्रति वर्ष 900 रुपये भी हस्तांतरित किये जायेंगे। इसके लिए सरकार सारी तैयारी कर रही है। 9 अगस्त को राहुल गाँधी राजस्थान में रहेंगे। उनके दौरे के बाद यह वितरण किया जायेगा।

भीलवाड़ा की घटना पर बीजेपी ने मांगा सीएम का इस्तीफा

जयपुर। भीलवाड़ा में नाबालिग से रेप के बाद हत्या के मामलें में बीजेपी सरकार पर हमलावर हैं। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश में लगातार मासूम बच्चियों के साथ दरिंदगी की घटनाएं हो रही हैं। जो मुख्यमंत्री प्रदेश की बच्चियों की सुरक्षा नहीं कर सकता है वो प्रदेश की सुरक्षा क्या करेगा। सीपी जोशी ने कहा कि इस घटना के बाद सीएम अशोक गहलोत को शर्म के मारे ही इस्तीफा दे देना चाहिए। जोशी ने कहा कि अगर सीएम अशोक गहलोत से गृह विभाग नहीं संभल रहा है तो वे कुर्सी से क्यों चिपके हुए हैं। प्रदेश में एक के बाद एक दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि इस घटना में जब पीड़िता का परिवार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गया तो उन्हें गुमराह किया गया। पुलिस ने परिवार की कोई मदद नहीं की। उल्टा उन्हें ही प्रताड़ित करने का काम किया। ऐसे पुलिसकर्मियों को भी बर्खास्त करना चाहिए।

पूरे मामलें में भाजपा ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया हैं। कमेटी ने आज भीलवाड़ा पहुंचकर घटना स्थल का दौरा किया। पीड़ित परिवार से मुलाकात की। वहीं पुलिस अधिकारियों से अब तक हुई जांच के बारे में जानकारी भी जुटाई। कमेटी में शामिल महिला मोर्चे की प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भंडारी ने कहा कि हमने घटनास्थल का दौरा किया। पीड़ित परिवार से जब हम मिले तो उन्होंने बताया कि जब उनकी बेटी बकरियां चराकर वापस नहीं लौटी तो उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करानी चाही। लेकिन पुलिस ने शिकायत ही दर्ज नहीं की। रक्षा भंडारी ने कहा कि अगर पुलिस मामलें में थोड़ी भी संवेदनशीलता रखती तो शायद बच्ची को बचाया जा सकता था।

अपना शहर
गरीबों का सितारा
क्षेत्र का नं. 1 अखबार
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर
शुक्रवार, 4 अगस्त, 2023

पूर्वानुमान > 28°	शुक्र	शनि	रवि	सोम
अधिकतम>	33°c	32°c	31°c	31°c
न्यूनतम>	27°c	27°c	26°c	26°c

खुशखबरी : हजारों ग्रामीणों से जुड़ी कांटों भरी सड़क पर 'अवाना' ने बिछा दिए फूल

35 साल बाद खेरली-नदबई-कुम्हेर सड़क का निर्माण करवा कर जोगिंदर सिंह अवाना ने दर्जनों गांवों को दी सौगात

सितारा न्यूज नेटवर्क

भरतपुर/नदबई। देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष व नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना के अथक प्रयास आखिरकार रंग ला गए। विधायक अवाना की विशेष अनुशंसा पर बन रहे खेरली-नदबई- कुम्हेर सड़क पर डामारीकरण चालू हो गया। यह सड़क 39 किमी लम्बी है और इस सड़क पर 143.69 करोड़ रुपए की लागत से कार्य चल रहा वही विधायक ने सड़क पर पहुँच कर सड़क का निरीक्षण किया विधायक ने पहुँच कर ठेकेदार को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और संबंधित अधिकारियों से वार्ता तय समय पर कार्य करवाने के निर्देश दिये रास्ते में जा रहे राहगीरों ने भी विधायक का आभार प्रकट किया क्योंकि यह सड़क पिछले 30-35 साल बाद बनने जा रही है यह सड़क नदबई उपखण्ड मुख्यालय सहित दूसरे जिले को भी जोड़ने वाली मुख्य सड़क है इस पर नदबई उपखण्ड के 2 दर्जन से अधिक गाँव पड़ते है और पिछले काफी लम्बे समय से ग्रामीण इस सड़क के बनने की राह देख रहे थे। विधायक अवाना ने बताया की इस सड़क को बनवाने का पुरा श्रेय क्षेत्र की जनता को जाता है क्योंकि उनके आशीर्वाद और वोट से मै विधायक बना हू और यह मेरा कर्तव्य है की मै क्षेत्र की समस्त जनता के विश्वास पर खरा उतरु सूबे के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत साहब की विशेष कृपा नदबई पर बनी हुई है क्षेत्र के विकास के लिए जो भी अब तक मांगा है उससे कई ज्यादा उन्होंने देने का काम किया है उसके लिए मै जितना आभार प्रकट करू उतना कम है।

आज पूरी नदबई विधानसभा में काफी विकास हुआ है अगर सड़को की बात करे तो पूरे विधानसभा क्षेत्र में 950 करोड़ रुपए से ज्यादा की सड़क नदबई की मिली है फिर चाहे वो नदबई से नगर हो या नदबई से जनुथर फिर चाहे नेशनल हाईवे 21 डहरा से नदबई वाला 4 लेने का कार्य हो 4 लेन कार्य 20 करोड़ की लागत से तेज गति के साथ चल रहा है 4 लेन की सड़क हो जाने से सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश तो लगेगा उससे साथ साथ रास्ता सुघम और सरल भी हो जायेगा विधायक ने बताया की मेरा चुनाव के समय सपना था की हर गाँव को पक्की सड़क से जोड़ने का कार्य करूँगा और मुझे बताते हुए खुशी हो रही है की आज वह सपना पुरा होता नजर आ रहा है क्षेत्र की जनता जनार्धन ने मुझे जो जो विकास के कार्य बताये है उन सबको में प्राथमिकता के साथ कर रहा हू क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नही आने दी जायेगी इसके बाद विधायक ने कहा की यह जो खेरली-नदबई-कुम्हेर सड़क है।

यह पिछले 30-35 साल से नही बनी हुई थी और इस सड़क में 2-2, 3-3 फुट के गड्ढे हो गए आये यहाँ पर दुर्घटनाएं होती रहती थी सड़क की ऐसे स्थिति की इस पर चलने वाले साधनों ने भी अपना रास्ता बदल दिया था जब भी इस सड़क से निकलता था तो यहाँ के स्थानीय लोग मुझसे इस सड़क के बारे में पूछते थे मैने इस सड़क को गंभीरता से लेकर मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री से मिल कर इस के लिए 143.69 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत करवाये और जिसका उद्घाटन पिछले दिनों उच्चैन में हुए मुख्यमंत्री महोदय की शिलान्यास एवं उद्घाटन समारोह और विशाल जनसभा में खुद मुख्यमंत्री महोदय ने किया था आज उसका काम बड़ी तेज गति के साथ चल रहा है विधायक ने कहा की सड़क निर्माण में गुणवत्ता का पुरा ध्यान रखा जायेगा किसी भी प्रकार की कोई भी लापरवाही बिल्कुल बर्दास्त नही की जायेगी।

15 अगस्त तक बांटेंगे राशन, इस संस्था ने किया सर्वे

सितारा न्यूज नेटवर्क

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। बीकानेर की झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले असहाय परिवारों का किया रॉबिन हुड आर्मी टीम ने सर्वे ।4 -15 अगस्त तक बाटेंगे राशन ।मिशन स्वदेश के अंतर्गत एक हजार गांवों के 1 करोड़ असहाय परिवारों को देंगे राशन किट,संस्था ने सर्वे कर बीकानेर शहर के 150 परिवारों को तय किये यानी सम्पूर्ण भारत मे रहने वाले सभी रॉबिंस एक ही समय में ग्रामीण भारत तथा जरूरतमंदों को राशन वितरण करेंगे। उद्देश्यों को लेकर रॉबिन हुड आर्मी 4 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक पूरे भारतवर्ष में मिशन स्वदेश चलायेगी ।इन दस दिनों में देश के एक हजार गांवो में 10 मिलियन लोंगो तक राशन किट पहुंचाने का एक साथ किया जायगा। देश मे रॉबिन हुड आर्मी 400 शहरों में सक्रिय होकर कार्य कर रहीं है। बीकानेर में 2019 में शुरूआत हुई वर्तमान 80 सदस्यों की टीम हैं जिनका एक ही आदर्श वाक्य सेवा- सहयोग- समर्पण टीम सदस्य ज्योति शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था जीरो कोष संस्था है यानी किसी से भी एक रुपया भी नही लिया जाता कोई सदस्यता शुल्क नहीं लिया जाता । रॉबिन हुड आर्मी बीकानेर के सदस्य मलिन बस्तियों में रहने वाले बच्चों को शिक्षा भी प्रदान करते है ।

सर्वे में ,पवनपुरी और आस पास के क्षेत्रों के 80 और वल्लभ गार्डन एसटीपी प्लांट 70 परिवारों को चिन्हित किया हैं इस अभियान जुडने के लिये इस नम्बर सम्पर्क कर सकतेङ्ग63758-34626 यह होगा किट में फ्लृअ के प्रतिनिधि सूरज व्यास ने बताया कि राशन किट में दस किलो आटा ,दो किलो चावल ,एक किलो चनादाल, एक किलो पोहा और एक किलो सब्जी को शामिल किया गया हैं टीम के सदस्य इस किट को तैयार कर लिया है अपने व्यापार ,पढ़ाई, सरकारी नौकरी के बाद समय निकाल कर भामाशाह के सहयोग से राशन किट पैकिंग बड़े उमंग से कर रहे ।टीम में सक्रिय सदस्य सूरज व्यास, ज्योति शर्मा, माधवी ,जगमोहन, कौस्तभ, अमित, डा. रजनी, लोकेश, मंथन, केशव, आर्यन, आतिफ, मनीष सुखानी लगे हुवे है।

एनएसएस इकाई की ओर से मनाया राष्ट्रीय अंगदान दिवस

परिष्कार कॉलेज के स्टूडेंट्स ने लिया अंगदान का संकल्प

परिष्कार
College of Global Excellence
Red Ribbon Club
परिष्कार
College of Global Excellence
(Autonomous)
राष्ट्रीय सेवा योजना

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। अंगदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से भारत सरकार के केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर हर साल 3 अगस्त को राष्ट्रीय अंगदान दिवस मनाया जाता है। इस अवसर लोगों को अंगदान के लिए प्रोत्साहित किए जाने के साथ अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किए जाते हैं। जयपुर के मानसरोवर स्थित परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस (ऑटोनोमस) की एनएसएस इकाई की ओर से राष्ट्रीय अंगदान दिवस मनाया गया।इस दौरान कॉलेज के स्टूडेंट्स ने अंगदान करने और लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। प्राचार्य प्रो. सविता पाईवाल ने अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों के बारे में जानकारियां दी। प्रो. पाईवाल ने बताया कि हमारे देश में प्रत्यारोपण के लिए अंगों की काफी कमी है। मृत्यु के पश्चात शरीर के अंग अगर किसी के काम आ जाएं तो इससे बड़ा पुण्य और कुछ भी नहीं हो सकता। हमें एक एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए लोगों जीवन बचाने के लिए अंगदान का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. वी.पी. शर्मा, चीफ प्रोक्टर अनिल गोदारा, ममता राजावत, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरिराज शर्मा और डॉ. शिल्पा चौधरी सहित कई शिक्षक गण मौजूद रहे।

एक वृक्ष सौ पुत्र के समान : हरिप्रसाद शर्मा

कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष ने राजधानी ग्रुप परिसर में किया वृक्षारोपण

मोटीवेटर डॉ. रमेश यादव ने कहा कि वृक्ष मनुष्य के लिए अनमोल धरोहर है

सितारा न्यूज नेटवर्क

पचकोडिया। कस्बे में नीट, जेईई, सीयूईटी, जेट की तैयारी कराने वाले संस्थान राजधानी एजुकेशनल ग्रुप, पचकोडिया द्वारा संचालित राजधानी साइंस धारा, राजधानी फाउण्डा व राजधानी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल परिसर में मुख्य अतिथि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा ने पौधें लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष शर्मा ने वृक्षारोपण का आह्वान करते हुए कहां कि एक वृक्ष सौ पुत्र के समान है। धरा को हरा-भरा रखने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधरोपण और उनका संरक्षण जरुरी है।इसलिए हम लोगों को पौधें लगाने के लिए संकल्पित होना होगा। पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के साथ मानव जीवन पर मंडरा रहे संकट को दूर करने के लिए पौधरोपण करना जरूरी है।इससे पूर्व राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष शर्मा का साफा व माला पहना कर सम्मान किया गया। राजधानी एजुकेशनल ग्रुप के डायरेक्टर व नेशनल मोटीवेटर डॉ. रमेश यादव ने भी इस मौके पर कहां कि वृक्ष अनमोल धरोहर है। पृथ्वी पर वृक्ष ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। वनों एवं पहाड़ों पर लगे विभिन्न प्रकार के वृक्षों से जड़ी बूटियां लोगों को प्राप्त होती हैं, जो मानव जीवन के लिए अमृत समान हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि भीलवाड़ा से एडवोकेट मोहन लाल अहीर, हिसार यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रामधन सुंडा रहे। राजधानी एजुकेशनल ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर बलराम सिंह यादव, प्रिंसिपल हेमेंद्र शर्मा, व्याख्याता राधेश्याम खोला, ओमप्रकाश अहीर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

आबकारी दल ने पकड़ी अवैध नकली शराब फैक्ट्री, आरोपी मालिक मौके से हुआ फरार

सितारा न्यूज नेटवर्क

वी.पी.मीणा बहरोड़। क्षेत्र के गंडाला गांव में गुरुवार को आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए नकली शराब बनाने के अवैध कारखाने पर कार्यवाही कर बड़े स्तर पर शराब सहित पैकिंग करने का सामान बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में शाहजहांपुर, बहरोड़, अलवर पूर्व, भिवाड़ी, अलवर पश्चिम के जाब्ते के साथ गंडाला गांव के सनी पुत्र रामवतार यादव के द्वारा मकान में अवैध रूप से शराब बनाकर भंडारण करने की सूचना पर संपूर्ण टीम द्वारा दबिश दी गई। जहां से 2476 पाउच नकली मेकडॉल नंबर वन व एक शराब पैकिंग मशीन, एक वाटर कैंपर में भरी करीब 15 लीटर स्प्रिट, एक कट्टे में भरे करीब 100 पव्वे ढक्कन व अन्य पैकिंग का सामान बरामद हुआ। कार्यवाही के दौरान आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब हुआ। जिसकी पूलिस तलाश कर रही है।

पंचाग

दिनांक: 04 अगस्त 2023 शुक्रवार
विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन कृष्ण पक्ष

तिथि	तृतीया	12:44:29	
पक्ष	कृष्ण		
नक्षत्र	शतभिष	07:06:58	
नक्षत्र	पूर्वभाद्रपदा	28:43:20	
योग	शोभन	06:11:55	
योग	अतिगंड	26:27:43	
करण	विष्टि भद्र	12:44:29	
करण	बव	23:08:03	
चन्द्र राशि	कुम्भ	23:16:26	
चन्द्र राशि	मीन	23:16:26	
सूर्य राशि	मिथुन		
दिशा शूल	पश्चिम		
सूर्योदय(जयपुर)		05:53:47	
सूर्यास्त	19:11:51		
चंद्रोदय	21:25:04		
चंद्रास्त	08:28:48		
राहू काल	10:53 - 12:33		
अभिजित	12:06 - 12:59		
शुभ चोघडिया			
चर	05:54 - 07:34		शुभ
लाभ	07:34 - 09:13		शुभ
अमृत	09:13 - 10:53		शुभ
शुभ	12:33 - 14:13		शुभ
चर	17:32 - 19:12		शुभ

विशेष जानकारी
पंचक प्रारम्भ
चतुर्थी व्रत:-आज

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

नागरिक सुरक्षा विकास समिति की बीकानेर जिला कार्यकारिणी घोषित, मंगल प्रजापत बने जिलाध्यक्ष

सितारा न्यूज नेटवर्क

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। नागरिक सुरक्षा विकास समिति राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरुण अग्रवाल के निदेर्शानुसार प्रदेश महासचिव श्री राजेश कुमार मीना ने बीकानेर जिले की कार्यकारिणी घोषित की है।उनके आदेशानुसार रतन तवर को जिला संयोजक, मंगल चंद प्रजापत को जिलाध्यक्ष बनाया गया है।राजेश जनागल और वेद प्रकाश शर्मा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी देने के साथ साथ संजय सिंह गहलोत को महासचिव एवं योगेंद्र सिंह राठौड़ को सचिव का पद दिया गया है। संयुक्त सचिव के पद पर वीरेंद्र सिंह गहलोत और कोषाध्यक्ष के पद पर खेमचंद सिरोहिया को नियुक्ति प्रदान की गई है। अन्य नियुक्तियों के रूप में प्रचार मंत्री उमाशंकर, सदस्य ओम प्रकाश डूडी व गोपाल पवार सहित कुल 11 सदस्य नियुक्त किए गए है। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल बडगूजर, प्रदेश सचिव सावन कुमार सुखाड़िया, कार्यालय प्रभारी सतवीर लोदवाल भी उपस्थित रहे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मंगल चंद प्रजापत को नियुक्ति पत्र देकर बधाई व शुभकामनाएं दी।

मिले कुलपति से, मांग रखी : एमजीएसयू में शुरू हो स्थाई राजस्थानी विभाग

सितारा न्यूज नेटवर्क

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। मुक्ति संस्था के तत्वावधान में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर में स्थाई राजस्थानी विभाग प्रारंभ करने हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति भागीरथ सिंह बिजारणिया को ज्ञापन दिया गया। राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कोषाध्यक्ष कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी के नेतृत्व में कुलपति से मांग की गई पिछले पाँच वर्ष से महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय एसएफएस योजना के अंतर्गत राजस्थानी विभाग संचालित हो रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस विभाग को विश्वविद्यालय में स्थाई विभाग के रूप में प्रारंभ किया जाए।जोशी ने कहा कि अब तक लगभग 200 से अधिक छात्र- छात्राओं ने राजस्थानी स्नातकोत्तर की परीक्षा पास की तथा एक दर्जन के लगभग लघु शोध भी करवाए गए हैं। उन्होंने बताया की विश्वविद्यालय में राजस्थानी विभाग स्थाई ना होने के कारण विद्यार्थियों को आठ गुना फीस अधिक देनी होती है ।एवं पीएचडी एवं लघु शोध कार्य भी विश्वविद्यालय के अंतर्गत वर्तमान में नहीं किए जा रहे हैं, ज्ञापन के प्रत्युत्तर में कुलपति भागीरथसिंह बिजारणिया ने कहा कि में आपकी मांग से सहमत हूं और आज ही राज्य सरकार को अनुमति के लिए अभिशंषा सहित भिजवा दूंगा ।ज्ञापन के दौरान कुलपति से महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के सभी विभागों की गेस्ट फैकल्टी के मानदेय की विसंगति दूर करने का भी आग्रह किया ।शिष्टमंडल में डॉ.नमामी शंकर आचार्य, डॉ.प्रशान्त बिस्सा, डॉ. गौरीशंकर प्रजापत, डॉ० कप्तान चारण, भंवर कड़ेला, राजस्थानी विभाग से प्रशांत जैन ,राजेश चौधरी,कमल मारू, एडवोकेट राजेश चौधरी, रामावतार उपाध्याय आदि शामिल रहे।

पहाड़ियों पर अवैध ब्लास्टिंग को लेकर ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन

सितारा न्यूज नेटवर्क

दांतारामगढ़/ विनोद धायल। उपखंड के कांटिया गांव में पहाड़ियों में क्रेशर संचालकों के द्वारा स्थानीय पहाड़ियों पर अवैध रूप से ब्लास्टिंग करने के खिलाफ ग्रामीण वासियों में खासा आक्रोश देखने को मिला। विभागीय अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचने के कारण गुस्साए ग्रामीणों ने जीण माता से रुलाना मार्ग को कांटिया गांव में जाम कर धरने पर बैठ गए। सूचना मिलने पर जीण माता थाना जाब्ता मौके पर पहुंचा और समझाइश की। लेकिन ग्रामीण ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को मौके पर बुलाने के लिए अडिग रहे। इसके बाद माइनिंग विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से उनकी मांगों को लेकर चर्चा की। माइनिंग विभाग के अधिकारी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। इस दौरान खोरा सरपंच भगवान सहाय ढाका, भाजपा जिला अध्यक्ष इंदिरा चौधरी,पूर्व विधायक अमराराम, मोटलावास सरपंच प्रभु सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह भारिजा, पूर्व सरपंच जितेन्द्र सिंह मंढ़ा, पंचायत समिति सदस्य सांवरमल खोरा, भागचंद लामिया, भाजपा नेता शक्ति सिंह अलोदा, ? उप सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल प्रजापत, ?आनंद सिंह शेखावत, बाबू लाल राईका सहित ग्रामीण मौजूद रहे। माइनिंग विभाग के अधिकारी सुभाष डांगी के अनुसार ओवरलोड वाहनों के चालान काटने, क्रेसर संचालन के दौरान पानी का उपयोग करने, साइलेंट ब्लास्टिंग और ब्लास्टिंग का समय निर्धारण करने, क्रेशर संचालकों की ओर से पेड़ पौधे लगाने आदि प्रमुख मांगों को लेकर ग्रामीणों और क्रेशर संचालकों के बीच समझौता हुआ।

सितारा न्यूज ब्रीफ

सोरों घाट से गंगाजल डाक कांवड़ पहुंची चौकपुरा

मात्र 10 घंटे 48 मिनट में डांक कावड़

सितारा न्यूज नेटवर्क

बाड़ी/अंकित गोयल । बाड़ी उपखंड के गांव चौकपुरा के दानवीर जमींदार बिधूड़ी परिवार के एवं मझेरा का पुरा के युवकों ने सोरों घाट से मात्र 10 घंटे 48 मिनट में गंगाजल डांक कांवड़ लाने में नया कीर्तिमान स्थापित किया है । चौकपुरा के तपेश बिधूड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे परिवार के सदस्य एवं मझेरा का पुरा के सदस्यों ने मिलकर सोरों घाट से चौकपुरा मझेरा में बाबू महाराज के मंदिर पर डांक कांवड़ से बाबू महाराज को स्नान कराएं है बिधूड़ी परिवार के पंजाब सिंह व रिषपाल बिधूड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि सोरों घाट हमने रात्रि के 2 बजे पूजा अर्चना करने के बाद कांवड़ यात्रा को शुरू किया इतने कम समय में सोरों घाट से अभी तक कोई भी व्यक्ति गंगाजल लेकर अपने क्षेत्र में नहीं आया है इसका सारा श्रेय टीम के युवाओं को जाता है कि उन्होंने इतने कम समय में इतना कठिन कार्य कर दिखाया इस दौरान टीम में पंजाब सिंह, रिषपाल बिधूड़ी, उग्रसेन बिधूड़ी, सुरेश कुशवाह, भीखाराम, मनोज, तपेश बिधूड़ी, मनु बिधूड़ी, सुनील बिधूड़ी, धर्मवीर सिंह, दिलीप सिंह, विजय सिह, अजय कुमार, गोपीचंद, राजेश, नरेश, अनिल, महेश, मुन्नालाल, विज्जो कुशवाह सहित कुल 29 लोगों की टीम ने इस कार्य को किया है इस दौरान इनके पास 9 बाइक एवं 1 बोलेरो गाड़ी थी इसकी मदद एवं बाबू महाराज के आशीर्वाद से काम सफल हुआ है ।

स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर दिया जोर

सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर(अनिल सिखवाल) । उपखंड अधिकारी मृदुल सिंह के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को अर्जित करने हेतु ब्यावर विधानसभा क्षेत्र में स्वीप प्रकोष्ठ की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत आज राजकीय जैन गुरुकुल उच्च माध्यमिक विद्यालय में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु ईवीएम वीवीपेट प्रदर्शन करते हुए मतदाताओं को अपने मत की प्रमाणिकता वी वी पेट के माध्यम से प्रदर्शित की गयी इस कार्यक्रम में स्वीप प्रभारी सुनील कुमार व्यास के नेतृत्व में दक्ष प्रशिक्षक निरंजन देव मिश्रा, निर्मल कुमार खींचा व दीपक चौरोटिया ने ईवीएम व वीवीपेट द्वारा विद्यार्थियों को मतदान की कार्यप्रणाली की जानकारी दी तथा नव मतदाताओं को फार्म नं. 06 व वोटर हेल्पलाईन ऐप के माध्यम से पंजीकरण करने की प्रक्रिया भी समझाई। मीडिया प्रभारी दीपक चौरोटिया ने मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्या नीतू विजय एवं समस्त शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना लगातार क्षेत्र में कर रहे जनसम्पर्क

सितारा न्यूज नेटवर्क

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना । अलवर के रैणी प्रधान प्रतिनिधी एवं रिटायर्ड चीफ इंजीनियार (पीडब्लूडी विभाग)मांगेलाल मीना आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान मे रखते हुए लगातार फील्ड मे जनसम्पर्क में लगे हुए है क्योंकि मीना आगामी विधानसभा में विधायक का चुनाव लड़ने की फील्ड में रह कर तैयारी कर रहेहै ।इसी क्रम मे गुरुवार को रैणी के पिनान कस्बे मे रिटायर्ड चीफ इंजीनियर मीना विजय कुमार शर्मा के सेवानिवृत्त कार्यक्रम मे शामिल हुए और पिनान के गणमान्य पंच पटेलो से चुनावी चर्चा की तथा क्षेत्र मे अन्य दूसरी जगह भी जनसम्पर्क करते रहे। इस दौरान पिनान कस्बे वासियों ने प्रधान प्रतिनिधी मीना का जोरदार स्वागत सम्मान किया और मीना का भी स्थानीय गणमान्य पंच पटेल व गणमान्य नागरिकों द्वारा फूल मालाओं से व साफा बांधकर स्वागत सत्कार किया। इस दौरान भुट्टे खान, उम्मेदी लाल डेरा , छाजूराम पिनान सहित अनेक गणमान्य पंच पटेल मौजूद रहे।

अंगदान-जीवनदान : दूसरों का जीवन बचाने के लिए ली अंगदान की शपथ

उप परिवहन कार्यालय रींगस

सितारा न्यूज नेटवर्क

रींगस(अरविन्द कुमार)। प्रदेश भर में 3 अगस्त से 17 अगस्त तक मनाए जा रहे अंगदान पखवाड़े के तहत रींगस कस्बे के परिवहन कार्यालय पर परिवहन निरीक्षक सुभाष खींचड़ के नेतृत्व में कर्मचारियों व परिवहन एजेंटों के द्वारा दूसरों का जीवन बचाने के लिए अंगदान करने की शपथ ली गई। परिवहन निरीक्षक सुभाष खींचड़ ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की जान बचाने के लिए अंगदान की जरूरतों को देखते हुए अंगदान जीवनदान महाभियान चलाया गया है जिसके तहत परिवहन कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा अंगदान करने की शपथ ली गई। अंगदान महाभियान के तहत अधिकारी व कर्मचारियों ने स्वयं अंगदान करने के साथ-साथ दूसरों को भी अंगदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। इस दौरान रविन्द्र सिंह, अनिल शर्मा, गिरधारी लाल, केसर सिंह, बनवारी लाल मुंडोतिया, मामराज सैन, अजय पालीवाल, श्रवण धायल आदि मौजूद थे।

भाजपा ने निकाला जन आक्रोश मार्च: प्रदेश सरकार व बहरोड़ विधायक के खिलाफ की नारेबाजी

सितारा न्यूज नेटवर्क

वी.पी.मीणा / बहरोड़। कस्बे के पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में गुरुवार को भाजपा नेता मोहित यादव ने जिला अध्यक्ष उमेद भाया के नेतृत्व में सरकार व बहरोड़ विधायक बलजीत यादव के खिलाफ पंचमुखी हनुमान मंदिर से उपखंड कार्यालय तक पदयात्रा निकाली गई। जहां नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। हजारों की संख्या में लोग इस पदयात्रा में शामिल हुए और विधायक बलजीत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अपने संबोधन में मोहित यादव ने कहा कि आये दिन हो रही आपराधिक घटनाओं, घोटालों, गुंडागर्दी, महिला उत्पीडन जैसी वारदातों से जनता त्रस्त हो चुकी है। वह बेसब्री से चुनाव का इंतजार कर रही है। लोगों ने आने वाले चुनाव में भाजपा को चुनने का संकल्प ले लिया है। क्योंकि वे इन समस्याओं से लड़ने के लिए केवल भाजपा को सटीक विकल्प मानते हैं। भाजपा कार्यकताओं में बहरोड़ की अव्यवस्था और दुर्दशा को लेकर भारी आक्रोश था और उन्होंने इन सबके लिए बहरोड़ विधायक बलजीत यादव को जिम्मेदार ठहराया। मोहित ने बताया कि सिर्फ एक दिन पहले तय किए गए कार्यक्रम में इतनी भीषण गर्मी के बावजूद इतने लोगों का शामिल होना अपने आप में बड़ी कामयाबी है। यह बात मोहित के विरोधियों के लिए चिंताजनक साबित हो सकती है। पैदल मार्च के दौरान सड़कों पर मोहित के पक्ष और बहरोड़ विधायक के खिलाफ लिखे नारों की तख्तियां लिए हुए महिलाएं, युवा और अन्य लोगों से सड़कें जाम हो गईं थीं। इस पदयात्रा में डॉ.जसवंत सिंह यादव पूर्व कैबिनेट मंत्री, संजय मीर, राधेश्याम बोहरा, सुनील यादव मंडल अध्यक्ष, कमल यादव, रमेश रावत, कपिल वैध जिला उपाध्यक्ष,शिवचरण पूर्व उपाध्यक्ष ,नगेंद्र सिंह शेखावत,मनोज यादव जिला पार्षद, रामनरेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

धीरेंद्र शास्त्री जी की हनुमंत कथा के लिए कार्यालय का किया उद्घाटन

श्वर बालाजी
: 24 सितम्बर 2023, रविवार
झांकी एवं कलश यात्रा

सितारा न्यूज नेटवर्क

रुपेश शर्मा / अलवर। सर्व समाज राष्ट्र उत्थान सेवा समिति अलवर के तत्वाधान में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री जी के द्वारा भव्य और विशाल हनुमंत कथा दिनांक 25 से 27 सितंबर 2023 को आयोजित की जाएगी । उसी कथा की तैयारियों के लिए समिति के द्वारा बनाए कार्यालय का उद्घाटन गुरुवार को पेंशनर भवन स्कीम 10 में किया गया। समिति के मीडिया प्रभारी मुकेश विजय ने बताया कि सर्वप्रथम भगवान गणेश और हनुमान जी की प्रतिमाओं की पूजा सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकताओं के द्वारा पूर्ण मंत्रोच्चार के साथ की गई ।

उसके पश्चात सभी के द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया । कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का उत्साह देखते हुए बनता था, कार्यक्रम में डॉक्टर के के गुप्ता विभाग संघचालक नरेंद्र भारती विभाग प्रचारक अलवर एवं दिल्ली पुलिस के पूर्व आईपीएस महेश भारद्वाज जी ने सभी कार्यकताओं और सेवादारों को अपने उद्बोधन में कथा की तैयारियों के बारे में अवगत कराया समिति के अध्यक्ष सीए किशन गुप्ता द्वारा सभी आए हुए सेवादारों का अभिनंदन किया साथ ही समस्त अलवर वासियों को इस भव्य और विशाल ऐतिहासिक धार्मिक कार्य में तन मन और धन से अपनी आहुति देने के लिए निवेदन किया।

कार्यालय के उद्घाटन में मुख्य रूप से दिलीप मोदी महेश खंडेलवाल ,मनोज शर्मा दामोदर तिवारी, सुधीर माथुर, दिनेश खंडेलवाल, जीतू सैनी अखिलेश गर्ग सुरेश गुप्ता (हुंडी वाले), प्रेम गुप्ता सूर्यकांत सौरभ कालरा एवं अन्य लोग मौजूद रहे। 4 अगस्त शुक्रवार को सभी धार्मिक व्यापारिक सामाजिक संगठनों की एक मीटिंग का आयोजन रात्रि 7:30 खंडेलवाल धर्मशाला आजाद मार्केट में किया जाएगा जिसमें कथा के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी ।

नागपाल शर्मा गौरक्षक सेना जिलाध्यक्ष नियुक्त

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। अलवर जिले के रैणी-उपखंड क्षेत्र के माचाड़ी कस्बे से मीडिया कर्मी नागपाल शर्मा को ब्रजवासी गौ रक्षक सेना संगठन की ओर से राजस्थान के अलवर जिले का गौरक्षक जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस मौके पर नागपाल शर्मा ने संगठन के पदाधिकारीयों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्म दास जी महाराज संगठन के कोषाध्यक्ष नरेश सिंह राजावत एवं राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम सिंह तँवर का धन्यवाद ज्ञापित किया ।साथ ही मीडियाकर्मी नागपाल शर्मा को जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर लोगों ने उन्हें हार्दिक शुभकामना एवं बधाई दी।

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत डाक विभाग उपलब्ध करवाएगा हर घर तिरंगा

सितारा न्यूज नेटवर्क

Har Ghar Tiranga

ब्यावर (अनिल सिखवाल) । स्वतंत्रता दिवस एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम में हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर भारतीय से अपने घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया गया है। इस अभियान के द्वारा भारत सरकार द्वारा भारतीय डाक विभाग को राष्ट्रीय ध्वज वितरण का कार्य सौपा गया है। जिसके अंतर्गत भारत सरकार के सम्बन्धित मंत्रालय द्वारा डाक विभाग को राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध करवाये जायेंगे जो कि प्रत्येक डाकघर में विक्रय हेतु उपलब्ध होंगे। इस प्रकार आम जन किसी भी डाकघर में जाकर राष्ट्रीय ध्वज को क्रय कर स्वतंत्रता दिवस को अपने घर अथवा प्रतिष्ठान पर ध्वज फहरा सकेगा

उल्लेखनीय है कि डाकघर में उपलब्ध राष्ट्रीय ध्वज 25 इंच ७ 30 इंच के आकार का होगा एवं ध्वज का विक्रय मूल्य मात्र 25 रु. प्रति ध्वज निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रधान डाकघर ब्यावर एवं नसीराबाद में ध्वज के साथ सेल्फी पॉइन्ट की व्यवस्था भी की गई है। कोई भी संस्था या प्रतिष्ठान अधिक मात्रा में ध्वज क्रय करने हेतु सम्बन्धित डाकघर के डाकपाल से सम्पर्क कर सकता है। भारतीय डाक विभाग द्वारा इस स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर 2.5 करोड तिरंगा आमजन तक वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। अतः सभी आम जन एवं संस्थाओं से आग्रह हैं कि वे अपने निकटतम डाकघरों में पहुंच कर राष्ट्रीय ध्वज क्रय करें एवं स्वतंत्रता दिवस 2023 को अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना सुनिश्चित करावें।

राजस्थान की बहिनें अब और अत्याचार नहीं सहेगी: राधा भारद्वाज

सितारा न्यूज नेटवर्क

धौलपुर/अंकित गोयल । प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी एवं जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा के निदेर्शानुसार बुधवार को महिला मोर्चा द्वारा प्रवास कार्यक्रम आयोजित किया गया 'प्रवास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राधा भारद्वाज प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा धौलपुर जिले के प्रवास कार्यक्रम पर उपस्थित रही सभी महिला बहनों द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को माला पहनाकर, शॉल उड़ाकर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया । कार्यक्रम बाड़ी विधानसभा के बूथ संख्या 212 पर आयोजित किया गया जिसमें बाड़ी विधानसभा की संयोजक शिप्रा गर्ग, प्रवासी कल्पना शर्मा, राजाखेड़ा विधानसभा में संयोजक संजू सिंह एवं प्रवासी शशि त्यागी, बसेड़ी विधानसभा में संयोजक नीलम गोयल एवं प्रवासी बंदना शिवहरे, धौलपुर विधानसभा में उमा सिंह संयोजक एवं प्रवासी सविता जाटव को नियुक्त किया गया था इनके द्वारा प्रत्येक विधानसभा में बूथ स्तर एवं शक्ति केंद्रों पर ग्यारह ग्यारह महिलाओं की टीम बनाई जा रही है, बूथ स्तर एवं शक्ति केंद्र पर जाकर चारों विधानसभाओं में महिला संयोजक एवं प्रवासियों द्वारा सत्यापन किया जा गया जिस किसी भी बूथ पर महिलाओं की टीम नहीं बनी है उनको बनाया जा रहा है चारों विधानसभा के बूथ स्तर एवं शक्ति केंद्रों पर कार्यक्रम की समीक्षा की गई इसमें अधिकांश विधानसभा में कार्य पूर्ण हो चुका है राधा भारद्वाज ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहां की बूथ प्रबंधन मैं महिलाओं को विशेष योगदान है वोटिंग के समय महिलाएं घर घर जाकर महिलाओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करती हैं और वोटिंग का प्रतिशत बढ़ाती है हमें प्रत्येक बूथ स्तर पर अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ना है और बूथ प्रबंधन सिखाना है भारद्वाज ने राजस्थान में गहलोत सरकार द्वारा महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों में प्रदेश में नंबर वन बताया और कहा कि अब वक्त आ गया है राजस्थान की महिलाएं और अत्याचार नहीं सहेगी, कार्यक्रम में चारों विधानसभाओं में प्रवासी एवं संयोजक द्वारा किए गए कार्यों का विस्तृत ब्यौरा जिला संयोजक प्रवासी वंदना शिवहरे द्वारा प्रस्तुत किया गया ।कार्यक्रम में शशि त्यागी, सुनीता शिवहरे, सीमा सोनी, संजू सिंह, केसर कुशवाह, रेनू कश्यप ललिता यादव, विजयलक्ष्मी सहित कई महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही।

बाडा हैदरशाह क्लस्टर में बांटे पीले चावल

राजीव गांधी शहरी ओलम्पिक खेलों के लिए पार्षदों को दिया आमंत्रण

सितारा न्यूज नेटवर्क

धौलपुर/अंकित गोयल । धौलपुर में दिनांक 5 अगस्त 2023 को आरएसी ग्राउंड पर आयोजित होने वाले राजीव गांधी शहरी ओलम्पिक खेलों के शुभारंभ समारोह में क्लस्टर 481? के प्रभारी नरेश जैन प्राचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बाडा हैदरशाह, धौलपुर ने आज अपने वार्ड पार्षदों को तथा उनके वार्ड के पंजीकृत खिलाड़ियों को उद्घाटन समारोह में आमंत्रित करने के लिए पीले चावलों का वितरण किया। प्राचार्य नरेश जैन ने बताया कि कि कल वार्ड पार्षदों के सहयोग से सभी खिलाड़ियों को जिन्होंने अपना पंजीकरण कराया है, उन्हें कूपन वितरित किए जाएंगे । जिसे लेकर दिनांक 5 अगस्त 2023? को आरएसी पर आयोजित उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों को मैदान पर ही टी शर्ट वितरित की जाएगी। आज क्लस्टर प्रभारी से अनेक खिलाड़ियों ने प्राचार्य से मुलाकात की तथा उत्साह पूर्वक खेलों में भाग लेने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर समाज सेवी विशम्भर दयाल शर्मा, महेश चन्द्र पार्षद इमरान ,शोभना, नाजरीन, श्यामवीर, जयन्त ध्रुव, विवेक, संध्या तथा उनके प्रतिनिधि शारीरिक शिक्षक अनीता त्रिपाठी, व्याख्याता लोकेंद्र श्रोत्रिय, वरिष्ठ अध्यापक असलम खान, धन्नो कुरैशी, वीणा वाणेकर, वीना पाराशर, अंजली दीक्षित, गीतांजलि शर्मा, गीता शर्मा, रीटा कौशल, रमा कुशवाहा, शारदा शर्मा, टेनिस वोल क्रिकेट की टीम 141095 के खिलाड़ी व अभिभावक मौजूद रहे।

संरक्षक स्व.डांगी की पुण्यतिथि पर किया वृक्षारोपण

सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर (अनिल सिखवाल) । नई सोच मुहिम संस्था अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत है इसके लिए संस्था द्वारा इस धरा पर अधिक से अधिक पेड़ लगा कर आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित कर रही है। चाहे कोई त्योंहार,उत्सव ,जन्म दिवस, पुण्य तिथि या कोई प्रयोजन हो मकसद एक ही कहीं न कहीं एक पेड़ लगाएं। गुरुवार को इस संदर्भ में संस्था के संरक्षक स्व नारायण सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर उनके गैस गोदाम और सेंदड़ा रोड स्थित डिवाइडर पर उनके परिजन और पत्नी दामोदरी देवी, पुत्री निमिषा सहित संस्था के पदाधिकारी अर्जुनलाल दुखाड़िया, रमेश गोयल, भगवान सहाय जारोडिया ,गुरुशरण गोयल, कैलाश चंद (सी बी ई ई ओ शिक्षा विभाग)छगन लाल, बाबू लाल बागरानी सुरमा राम,ईश्वर चंद छितरोलिया और उनके स्टाफ के साथ मिलकर डांगी स्मृतियों को आजीवन संजोने के लिए नीम शीशम अमरूद जामुन आदि के पौधे लगाए गए। डांगी शहर के जाने माने उद्यमी रहे हैं जिनकी डांगी गैस सर्विस एजेंसी भी चल रही है। 2018 में शहर में नई सोच मुहिम संस्थान की स्थापना से ही संरक्षक रहे है ।

अंगदान महा अभियान के तहत अंगदान एवं टिश्यू दान की ली शपथ

सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर(अनिल सिखवाल) ।अंगदान महाअभियान के अंतर्गत गुरुवार को सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय तथा बृजमोहन लाल शर्मा राजकीय कन्या महाविद्यालय में संकाय सदस्यों, मंत्रालयिक कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने अंगदान एवं टिश्यू दान की शपथ ली, माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा मानवता के हितार्थ इस महान कार्य की शुरूआत की गई । निदेशालय कॉलेज शिक्षा द्वारा इस अंगदान अभियान की मॉनिटरिंग की जा रही हैं विश्व अंगदान सप्ताह की शुरूआत गुरुवार से हुई हैं, स ध राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सिंह भाटी ने एवं बृजमोहन लाल शर्मा राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अनीता खुराना ने उपस्थित संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों व मंत्रालयिक कर्मचारियों को अंगदान की शपथ दिलाई...

इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो जलालुद्दीन काठात ने शपत ग्रहिताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि मानव अंग ईश्वरीय वरदान हैं यदि मरणोपरांत किसी अपंग या जरुरत मंद के काम आ जावे तो इससे बढ़कर कोई दान नहीं हो सकता, हमें मुफ़्त में बिना मांगे सभी स्वस्थ अंग मिले हैं जिनकी कीमत हम नहीं जानते मगर जिनके जो कोई अंग नहीं हैं वो इन अंगो की कीमत जानता हैं अतः प्रण करें कि अंगदान के महा अभियान को सफल बनाएंगे ।

चिंतन

वार्ता के लिए आतंक-शत्रुता मुक्त माहौल बनाए पाक

पाकिस्तान को भारत का स्पष्ट संदेश है कि नई दिल्ली हमेशा शांति का पक्षधर है, वह सभी पड़ोसी के साथ शांतिपूर्ण संबंध चाहता है, पाकिस्तान के साथ भी मैत्री ही चाहता है, लेकिन इसके लिए उसे अपने यहां से आतंकवाद को समाप्त करना होगा। भारत की एकमात्र शर्त है कि पाकिस्तान पहले आतंकवाद खत्म करे, फिर वार्ता की टेबल पर आए, इसमें केवल पीओके पर बात होगी। आर्थिक संकट से घिरे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत से वार्ता की पेशकश यह कहते हुए की है कि जंग अब कोई समाधान नहीं है। लेकिन पीएम शरीफ इसी के साथ यह भी जोड़ते हैं कि बशर्ते भारत गंभीर मुद्दों पर बात करने के लिए गंभीर हो, जब तक अनसुलझे मुद्दों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक हम दोनों 'सामान्य पड़ोसी' नहीं बन सकते। अनसुलझे मुद्दों का मतलब कश्मीर से है। पाक पीएम के बयान विरोधाभासी हैं, वे भारत से वार्ता भी चाहते हैं और शर्त भी रखते हैं। वे कश्मीर मुद्दे को वार्ता का एजेंडा बनाना चाहते हैं, इस पर भारत का रुख पहले से साफ है। शहबाज शरीफ की पेशकश के बाद भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि वह भी पाक से पड़ोसी जैसा मधुर संबंध चाहता है, लेकिन इसके लिए आतंक, हिंसा और शत्रुता मुक्त माहौल जरूरी है। इसी वर्ष जून में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कहा था कि जब तक सीमा पार आतंकवाद खत्म नहीं हो जाता, पाक से सामान्य संबंध संभव नहीं है। यह पाकिस्तान को देखना है कि वह वार्ता के लायक माहौल बना पाता है या नहीं? इससे पहले भी शरीफ भारत से वार्ता की अपील कर चुके हैं। इसलिए बड़ा सवाल यही है कि पाकिस्तान कितना सीरियस है? केवल मीडिया की सुर्खियां बटोरने या अमेरिकी-चीनी दबाव में तो पाक पीएम ऐसा नहीं बोल रहे हैं? वर्ष 1947 से इतिहास है कि पाक ने ही भारत से शत्रुता निभाई है और भारत में अशांति फैलाने के लिए आतंकवाद को पोषित किया है। मौजूदा वक्त में जरूर पाक आर्थिक भंवर में फंसा हुआ है, चीनी, अमेरिकी व सउदी अरब की मदद के बाद भी नहीं उबर पा रहा है, आईएमएफ से भी आस बंधी है, पर सब नाकाफी हैं, ऐसे में उसे भारत से बड़ी उम्मीद है और इसलिए वह वार्ता का रास्ता तलाश रहा है। भारत को भी गुरेज नहीं है, पर पाकिस्तान भारत के लिए कभी भी भरोसे के लायक नहीं रहा है। अनेक कारण हैं। आजादी के तुरंत बाद पाक फौज की कबायली बनकर कश्मीर में घुसपैठ व पीओके पर अवैध कब्जा, 1965 में धोखे से हमला, 1971 में वायु हमला, कारगिल में घुसपैठ जैसी अनेक बेजा हरकतें पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ की है, और हर बार मुंह की खाई है। भारत ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया तो पाकिस्तान ने हमेशा जंग व आतंकवाद परोसे। भारत के पूर्व पीएम शास्त्री, इंदिरा, राजीव, अटल, मनमोहन व वर्तमान पीएम मोदी ने पाक से दोस्ती के पैगाम भेजे, बदले में पाक ने 1948, 1965, 1971, करगिल, कश्मीर में आतंकवाद, मुंबई सीरियल ब्लास्ट, 26/11 मुंबई ताज पर हमला, संसद पर आतंकी हमला, पठानकोट, उरी, पुलवामा जैसी घटनाओं को अंजाम दिया। आज भी पाक में संयुक्त राष्ट्र से घोषित ग्लोबल आतंकी हाफिज सईद, मसूद अजहर, जकी-उर-रहमान लखवी, जफर इकबाल और अब्दुल रहमान मक्की को सरपरस्ती हासिल है। 21वीं सदी के दो दशक में ही एलओसी पर पाक आतंकियों ने दो हजार बार से अधिक घुसपैठ की कोशिश की है। इसलिए अब पाकिस्तान को साबित करना है कि सच में उसका हृदय परिवर्तन हो रहा है और वह भारत से मैत्री चाहता है।

राजनीति

योगेश कुमार सोनी

इंडिया-भारत में उलझी सियासत

जब से विपक्ष ने विपक्षी दलों ने अपने नए गठबंधन का नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव (इंडिया) रखा है तब से भारतीय राजनीति में भूचाल सा आ गया है। इस मामले को लेकर हर रोज किसी न किसी पार्टी व नेता का ब्यान आ रहा है। जहां विपक्ष इस गठबंधन के आधार पर यह कह रहा है कि अब लड़ाई इंडिया और मोदी के बीच की है वहीं दूसरी ओर केन्द्र सरकार इसको अपने तरह से परिभाषित कर रही है। पक्ष-विपक्ष इन तथ्यहीन बहस पर जितना समय बर्बाद कर रहा यदि उतना समय देश में चल रही अहम गतिविधियों पर ध्यान दे दिया जाए तो देश की स्थिति कुछ सुधर जाए। यदि विपक्षी गठबंधन ने अपने खेमे का नाम इंडिया रख भी दिया तो इसमें केन्द्र सरकार इतना परेशान क्यों है? केन्द्र में बीते दो कालखंडो से बीजेपी की सरकार है और यदि आपने बेहतर काम किये हैं तो जनता आपके साथ है और आपको वोट देगी लेकिन यह बौखलाहट दिखाकर आप क्या साबित करना चाहते हैं? इस मामले को लेकर स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने बीते मंगलवार को बीजेपी सांसदों की बैठक में कांग्रेस समेत 26 विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' को निशाना बनाया। संसद मानसून सत्र में पहली बार बीजेपी सांसदों की बैठक के बाद बीजेपी प्रवक्ता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि "पीएम ने कहा कि इंडियन नेशनल दल कांग्रेस एक अंग्रेज ने बनाई थी। ईस्ट इंडिया कंपनी भी अंग्रेजों ने बनाई थी। आजकल लोग इंडियन मुजाहिदीन भी नाम रखते हैं।इंडियन पीपुल्स फ्रंट भी रखते हैं।'' मोदी ने विपक्ष को दिशाहीन करार दिया और कहा कि ऐसे लोग देश के नाम का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह नहीं कर सकते। लेकिन सवाल यही है कि मौजूदा स्थिति में जिन चुनौतियों से लड़ रहे हैं यह सब उससे बढ़कर हो सकता है? देश में बाढ़ की वजह से मानव जीवन कितना प्रभावित हुआ है व साथ मणिपुर में बीते तीन महीनों से हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही। सैकड़ों लोगों की जान जा रही हैं,बेटियों को नंगा करके ब्लात्कार किया जा रहा है। बीते दिनों सोशल मीडिया पर मणिपुर का वीडियो वायरल हुआ जिसमें दो महिलाओं को नग्न करके घुमाया जा रहा है। इस मुद्दे पर देश में बड़े स्तर पर हलचल है। संसद सत्र में भी इसको लेकर पक्ष-विपक्ष में हंगामा जारी है।इस घटना से पूरे देश प्रभावित हुआ है और दिल्ली में रह रहे मणिपुर वासियों ने केन्द्र सरकार के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया है। उनका कहना है हिंसा इतने लंबे समय कैसे चल रही है? कितने लोग बिना वजह मारे जा चुके और महिलाओं को नग्न करके सरेआम घुमाया जा रहा है। देश में नागरिक सुरक्षा के नाम कुछ भी नही हैं।इसके अलावा इस घटना से केन्द्र सरकार की लोग आलोचना कर रहे हैं। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के हर कोने में जा रहे हैं लेकिन उन्होंने अभी तक मणिपुर का दौरा नहीं किया है। इतनी बड़ी घटना पर आखिर सरकार कोई एक्शन क्यों नहीं ले रही?क्या मणिपुर देश का हिस्सा नहीं है?या मणिपुर सेंट्रल गवर्नमेंट का अटेंशन डिजर्व नहीं करता है?क्या केंद्र सरकार की ये ड्यूटी नहीं है कि मणिपुर में शांति के लिए कोई बड़ा एक्शन लिया जाए? इन सब सवालों पर मंथन की जरूरत है।मणिपुर में हिंसा शुरू हुए तीन महीने से ज्यादा हो गया है।आज भी वहां हालात स्थिर नहीं है।फायरिंग और मर्डर की घटनाएं रुकने का नाम ही नही ले रही हैं।मणिपुर में जो भी हो रहा है उससे हर कोई परेशान हैं। क्या हमारा देश तालिबान की राह पर चल पड़ा। इसके अलावा हमारी सरकार व एजेंसियां यह रोकने में विफल हैं कि मणिपुर हिंसा में चीनी बाइक,हथियार व बम कहां से आ रहा है। इस बात से यह स्पष्ट हो जाता है कि बाहरी ताकतें हमारे देश में कुछ भी कर सकती हैं। यह पूर्ण रुप से हमारी विफलता है। क्या मणिपुर में जो हो रहा है या दिख रहा है,हकीकत में सच वही है या कुछ और?बहरहाल गैंग रेप से देश में लगातार आक्रोश बना हुआ है।दिल्ली के जंतर मंतर पर कुकी समुदाय के लोगों ने मणिपुर हिंसा के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने मांग की है कि गैंगरेप के दोषियों को केवल फांसी की सजा मिलनी चाहिए। ऐसे गंभीर मामले में कोर्ट को जल्द से जल्द संज्ञान लेना चाहिए लेकिन इसकी सुनवाई नही हुई। बीते शुक्रवार को इस पर सुनवाई होनी थी लेकिन अगले हफ्ते के लिए टाल दी गई। इस घटना से यह तो तय हो जाता है कि हम देश की बहन-बेटियों की रक्षा व सुरक्षा के लिए कितने संजीदा है। ऐसी घटनाओं से देखकर यह लगता है कि हम गुलाम भारत में ज्यादा सुरक्षित रहे होंगे। आज हम आजाद भारत को गुलाम होते अपनी आंखों से देख रहे हैं। देश की आजादी के 76 वर्ष बाद भी यदि हम देश व गठबंधन के नाम पर लड़ या राजनीति कर रहे हैं तो निश्चित तौर पर हम दिशाहीन हैं। लेकिन हम आज भी इंडिया और भारत की लड़ाई से मात्र घेराव कर रहे हैं और न जाने क्यों हम क्यों अनजान बने हुए हैं। हमारे देश में बढ़ती बेरोजगारी की वजह से युवाओं के सामने कई चुनौतियां आ रही है। असली मुद्दों से हम क्यों जी चुरा रहे हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

विश्लेषण

डॉ. अश्वनी महाजन

ऑनलाइन खेलों पर जीएसटी सही

> जीएसटी काउंसिल ने ऑनलाइन गेम्स पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने का निर्णय लिया है। उसके बाद जीएसटी काऊंसिल के उस निर्णय पर घमासान जारी है। गेम खिलाने वाली एप कंपनियों की ओर से आपत्ति जरूर आई है। इन एप कंपनियों का कहना है कि ऑनलाइन गेमों पर जीएसटी लगने से उन्हें नुकसान होगा। कुछ दिन पहले 180 गेम कंपनियों की ओर से जीएसटी कांऊसिल को इस निर्णय पर पुनर्विचार करने के लिए कहा गया है। इन आभासी खेलों पर अधिकतम दर से जीएसटी लगाना बिल्कुल उपयुक्त कदम है। इन पर उच्चतम जीएसटी लगाना इस बात का संकेत है कि सरकार युवाओं को इससे रोकना चाहती है।

हाल ही में भारत की जीएसटी काउंसिल ने ऑनलाइन गेम्स पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने का निर्णय लिया है। उसके बाद जीएसटी काउंसिल के उस निर्णय पर घमासान जारी है। हालांकि ऑनलाइन गेम खेलने वालों की ओर से तो कोई आपत्ति तो ध्यान में नहीं आई है, लेकिन गेम खिलाने वाली एप कंपनियों की ओर से आपत्ति जरूर आई है। इन एप कंपनियों का कहना है कि ऑनलाइन गेमों पर जीएसटी लगने से उन्हें नुकसान होगा। कुछ दिन पहले 180 गेम कंपनियों की ओर से जीएसटी कांऊसिल को इस निर्णय पर पुनर्विचार करने के लिए कहा गया है।

गेमिंग कंपनियों का पहला तर्क यह है कि पूर्ण जमा राशि पर जीएसटी लगाने का प्रस्ताव इस 'उद्योग' के विकास पथ को उलट देगा। वर्तमान कंपनियों को तो नुकसान होगा ही, साथ ही छोटी कंपनियों का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा। इन कंपनियों का दूसरा तर्क यह है कि इस क्षेत्र में नए घरेलू और विदेशी निवेशकों का निवेश हतोत्साहित होगा। हालांकि सरकार की ओर से जीएसटी लगाने के निर्णय के बारे में कोई तर्क नहीं दिया गया है, लेकिन यह सच है कि देश के विभिन्न हलकों में इन ऑनलाइन गेम्स में युवकों की बढ़ती लत और उसके कारण आ रही विसंगतियों और संकटों के कारण, भारी चिंता जरूर व्याप्त थी, जिसके बारे में सरकार भी अनभिज्ञ नहीं थी। ग़ौरतलब है कि इन गेम्स को कुल 4 करोड़ लोग और नियमित रूप से 1 करोड़ लोग खेलते हैं। सरकार का कहना है कि अभी तक इन खेलों पर मात्र 2 से 3 प्रतिशत का ही जीएसटी लगता है जो आम आदमी द्वारा खाने पीने की वस्तुओं पर 5 प्रतिशत जीएसटी से भी कम है। 28 प्रतिशत जीएसटी से सरकार को 20000 हज़ार करोड़ की आमदनी का अनुमान है।

पिछले कुछ सालों में कई प्रकार की ऑनलाइन गेम्स का भी प्रादुर्भाव हुआ है। कई बड़ी कंपनियों द्वारा चलाई जा रही एप्स का विज्ञापन तो खेल और मनोरंजन क्षेत्र की बड़ी हस्तियां तक कर रही हैं। हालांकि इन्हीं विज्ञापनों में एक त्वरित चेतावनी भी होती है, 'इन गेम्स को सावधानी से खेलें, इनकी लत लग सकती है'। दरअसल आज हमारे युवा इन मशहूर हस्तियों द्वारा समर्थित ऐप्स और गेम्स के चुंगुल में फंसते जा रहे हैं। पिछले कुछ समय से देश में इंटरनेट और मोबाइल के विस्तार के कारण इस रियल मनी गेमिंग 'उद्योग' का काफी विस्तार हुआ है और इनका व्यापार बढ़ता ही जा रहा है। शेयर ट्रेडिंग संबंधित खेल, क्रिप्टो आधारित गेम्स, रम्मी, लुडो, आभासी खेलों (फेंटेसी स्पोर्ट्स) समेत कई ऑनलाइन और एप आधारित खेलों को 'रियल मनी गेम्स' कहा जाता है, क्योंकि ये गेम पैसे या इनाम के लिए खेले जाते हैं। कहा जाता है कि इन खेलों में से कुछ कौशल आधारित हैं और कुछ संयोग आधारित (यानी जुआ) हैं। चाहे जुए के खेल हों या कौशल आधारित, सभी ऑनलाइन खेलों का तेजी से विस्तार हुआ है और इन एप्स और वेबसाइटों को बढ़ावा देने वाली कंपनियां भारी मुनाफा कमा रही हैं, लेकिन चिंता का विषय यह है कि इन खेलों के कारण हमारे युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। जब से इन खेलों का प्रादुर्भाव हुआ है, कई युवाओं ने कर्ज में फंसकर अपनी जान गंवा दी है। समझना होगा कि इन खेलों में जीतने की संभावना बहुत कम होती है, तो भी इन एप्स के कारण जुए की लत के चलते युवा भारी कर्ज उठाने लगते हैं और उन्हें न चुका पाने के कारण उनके परिवार बर्बाद हो जाते हैं।

आज बड़ी-बड़ी क्रिकेट हस्तियों द्वारा विज्ञापनों के कारण ये एप्स पूरे देश में प्रसिद्ध हो गए हैं। लुडो जैसे एप मनोरंजन क्षेत्र की एक बड़ी हस्ती कपिल शर्मा और कई अन्य सेलिब्रिटीज़ द्वारा अनुमोदित की जा रही है। इन एप्स में फंसकर आत्महत्या करने वाले अधिकांश 18 से 25 वर्ष के युवा हैं, जिनमें विद्यार्थी, प्रवासी मजदूर और व्यापारी शामिल हैं। ड्रीम-11 के संदर्भ में अधिकांशतः न्यायालयों ने उसे यह कहकर उचित ठहराया है कि ये जुआ नहीं बल्कि कौशल का खेल है। उसके बावजूद 6 राज्य सरकारों ने ऐसे आभासी क्रिकेट प्लेटफॉर्मों को प्रतिबंधित किया है अथवा अनुमति नहीं दी है। इसी प्रकार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी ने 132 एप्स को प्रतिबंधित करने हेतु निवेदन किया है। चाहे यह मान भी लिया जाए कि आभासी क्रिकेट खेल में जीतने के लिए कुछ भी संयोग नहीं है, इसलिए यह जुआ नहीं, लेकिन कुछ खेल मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि आभासी क्रिकेट जुआ ही है और इसके कारण जुए के व्यवहार का रोग लग सकता है। इस व्यवसाय से जुड़ी कंपनियां यह मानने के लिए तैयार नहीं कि इससे लत पड़ सकती है, क्योंकि दाव की राशि बहुत कम है, लेकिन वास्तविकता इससे हटकर है। इन खेलों में हार कर लाखों रुपये के कर्जे के कारण आत्महत्या करने वालों के बारे में जानकारी से यह बात गलत सिद्ध हो जाती है, इसलिए इस विषय में इन खेल एप्स कंपनियों के दावों पर विश्वास करना ठीक नहीं है। बड़ी बात यह है कि इन खेलों के संबंध में कोई नियामक प्राधिकरण नहीं है। इस व्यवसाय से जुड़ी कंपनियों के दावों और हकीकत में बहुत अंतर है।

अभी न्यायालयों को यह तय करना बाकी है कि क्या पैसों का दांव लगाने वाली कथित कौशल आधारित गेम जुआ हैं। यदि किसी भी खेल में संयोग का अंश रहता है तो वह जुआ ही होता है और कानून के अनुसार यह वैधानिक नहीं हो सकता। कई एप्स कौशल आधारित खेलों की आड़ में विशुद्ध जुए के प्लेटफॉर्म चला रही हैं। इन एप्स में बड़ी मात्रा में विदेशी निवेशकों खासतौर पर चीनी निवेशकों ने पैसा लगाया हुआ है, और उनका एकमात्र उद्देश्य लोगों को जुए की लत लगाना है। इन एप्स का डिजाइन ही लत लगाने वाला है। यही नहीं कई तथाकथित कौशल आधारित गेम्स के सॉफ्टवेयर के साथ छेड़छाड़ कर ग्राहकों को लूटा भी जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी दी है कि इन गेम्स के नतीजों को मशीनी छेड़छाड़ से प्रभावित किया जा सकता है।

हालांकि सरकार कृषि जिन्सों को छोड़कर शेष सभी वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी लगाती ही है। देश में जुआ, वेश्यावृति, चोरी-डकैती जैसे कार्यकलाप वैधानिक रूप से प्रतिबंधित हैं। कुछ ऐसी वस्तुएं होती हैं जिनके उत्पादन और उपभोग को हतोत्साहित कर उन्हें न्यूनतम करना सरकार का दायित्व होता है। उदाहरण के लिए देश में तम्बाकू उत्पादों, शराब इत्यादि पर अधिकतम टैक्स लगता रहा है। ऑनलाइन रियल मनी आभासी खेल चूंकि अभी तक ठीक प्रकार से पारिभाषित नहीं हो पाए हैं कि ये जुआ हैं अथवा कौशल के खेल इसलिए ऐसे खेलों को कम टैक्स लगा, प्रोत्साहित किया जाना सामाजिक हित के खिलाफ है। जीएसटी काउंसिल द्वारा इन आभासी खेलों पर अधिकतम दर से जीएसटी लगाना बिल्कुल उपयुक्त कदम है, क्योंकि यह एक प्रकार की सामाजिक बुराई है। इन खेलों पर उच्चतम दर से जीएसटी लगाना इस बात का संकेत है कि सरकार एप्स के जरिए चलने वाले जुए में पैसा डुबोते नासमझ युवाओं को इससे रोकना चाहती है।

(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं



संकलित

दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें व नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव

संकलित

प्रेरणा

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

सटाका


देश सेवा करना इतना आसान नहीं रहा! आए दिन संसद में गला फाड़-फाड़ कर वॉकआउट करना पड़ता है!
हरिओम

आज की पाती

सेब पर राजनीति न हो

हिमाचल प्रदेश के एक क्षेत्र का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें यह दिखाया जा रहा है कि एक व्यक्ति नाले में सेबों को बहा रहा है। इसका कारण यह भी बताया गया कि सड़कें अवरुद्ध होने के कारण सेबों की सप्लाई न होने के कारण ऐसा किया जा रहा है। हालांकि इस वीडियो को प्रदेश की सुक्खू सरकार ने विपक्ष की चाल बताया है। कुछ भी हो, इस वीडियो की निष्पक्ष और उचित जांच होना बहुत जरूरी है। यह वीडियो कुछ न्यूज चैनलों और न्यूज चैनलों के सोशल साइट्स प्लेटफार्म पर भी चल चुका है और अखबारों में भी इससे संबंधित खबर छप चुकी है। सेब पर राजनीति नहीं, काम होना चाहिए। इस मुद्दे पर राजनीति होना सेब की पैदावार करने वाले किसानों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना है। इस वीडियो का सच आमजन के सामने लाना चाहिए। *–सुरेश धीवर, राजनांदगांव*

करंट अफेयर

जस्टिन ट्रूडो का 18 साल बाद पत्नी से तलाक का फैसला

ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो (51) और उनकी पत्नी सोफी (48) ने आपसी सहमति से शादी के 18 वर्ष बाद तलाक लेने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। ट्रूडो कनाडा के दूसरे प्रधानमंत्री होंगे, जो इस पद पर रहते हुए तलाक ले रहे हैं। इससे पहले, उनके पिता पियरे ट्रूडो ने प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए, वर्ष 1984 में पत्नी मर्गेरेट से तलाक लिया था। जस्टिन और श्रीमती सोफी के तीन बच्चे हैं। दोनों के तलाक की खबर सुनकर लोग हैरान हैं, क्योंकि इस जोड़ी को लोगों ने खूब सराहा था। ट्रूडो और उनकी पत्नी ने व्यापक चर्चा और काफी विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। उन्होंने अपने बच्चों का पालन-पोषण करने के लिए माता-पिता के रूप में एकजुट होकर साथ रहने का विकल्प चुना है। ट्रूडो और श्रीमती सोफी की वर्ष 2005 में शादी हुई थी।



ऑफ बीट

एआई स्तन कैंसर का पता लगाने में मददगार

लगभग सात ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं में से एक को अपने जीवन में स्तन कैंसर का सामना करना पड़ता है, प्रत्येक सप्ताह 20,000 नए स्तन कैंसर का पता चलता है। मैमोग्राम प्रारंभिक चरण के स्तन कैंसर का पता लगाने का एक प्रमुख उपकरण है और इसमें स्तन के ऊतकों को दो प्लेटों के बीच रखना और फिर एक्स-रे करना शामिल है। मैमोग्राम के स्कैन का विश्लेषण आमतौर पर दो डॉक्टरों द्वारा किया जाता है। अध्ययन में पाया गया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग से स्कैन के विश्लेषण में कैंसर के 20 प्रतिशत अधिक मामलों का पता चला और काम का बोझ 44 प्रतिशत कम हो गया। हालाँकि एक जोखिम यह है कि यह महिलाओं में ऐसे छोटे कैंसर का पता लगा सकता है जो कभी नुकसान नहीं पहुंचाएंगे, हालांकि इससे अनावश्यक उपचार होगा। वर्तमान में स्तन कैंसर का पता कैसे लगाया जाता है? शुरुआत में ही कैंसर का पता लगाने के लिए ऑस्ट्रेलिया में 30 साल से भी पहले मैमोग्राफी का उपयोग करके स्तन स्क्रीनिंग की शुरुआत की गई थी, जिससे अधिक प्रभावी और अक्सर कम आक्रामक उपचार में मदद मिली।



ट्रेंड

स्वास्थ्य क्षेत्र मजबूत

डिजिटल हो रही स्वास्थ्य सुविधाएं! राष्ट्रीय ग़ैर-संचारी रोग कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीडी पोर्टल के माध्यम से हुआ 5 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट का निर्माण! मोदी सरकार चौतरफ़ा रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत कर रही है।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

लक्ष्य को सर्वोपरि रखें

लक्ष्य को सर्वोपरि रखें। साहसी मनुष्य के मार्ग में आने वाली सभी कठिनाइयां जैसे अवसाद, आलोचना, अपमान और प्रशंसा उसे प्रभावित नहीं करते। अतः विवेकपूर्वक उत्साह के साथ अपने महान उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आगे बढ़ते चलें।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

दो साल तक स्तनपान जरूरी

जीवन के पहले छह महीनों के लिए विशेष स्तनपान की सिफारिश की जाती है, और यदि माता-पिता ऐसा करने में सक्षम हैं, तो दो साल तक स्तनपान जारी रखना चाहिए। शोषणकारी विपणन के खात्मे के लिए हमें मिलकर काम करना चाहिए।

-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ प्रमुख

मुंह बिलकुल बंद रखिए

अपना मुंह बिलकुल बंद रखिए। ट्रेन, बस भी सार्वजनिक जगह पर राजनीतिक चर्चा मत करिए। माहौल बहुत खराब हो चुका है। अधिकांश जनता मानसिक रूप से बीमार हैं, और घर परिवार को आपकी जरूरत है! बस चुपके से जाकर वोट देना।

-कमाल आर खान, गीतकार

सितारा न्यूज ब्रीफ

आपसी सौहार्द बनाये रखने की गई अपील

पुलिस थाना लक्ष्मणगढ़ के सीएलजी सदस्यों की बैठक हुई आयोजित

सितारा न्यूज नेटवर्क

लक्ष्मणगढ़। पुलिस थाना लक्ष्मणगढ़ के शांति समिति की बैठक गुरुवार को कस्बे की पुलिस चौकी में एसएचओ श्रीराम मीना की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में डीएसपी कमल प्रसाद मीना भी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार बैठक में डीएसपी कमल प्रसाद मीना व एसएचओ श्रीराम मीना ने उपस्थित शांति समिति सदस्यों से पड़ोसी राज्य में दो समुदायो में हुए दंगे को ध्यान में नही रख कर आपसी सौहार्द बनाये रखने और मिलजुल कर रहने की अपील की। साथ ही सोशल मीडिया पर भड़पाऊ पोस्ट डालने वाले लोगों की सूचना पुलिस को देने की बात कही। जिससे उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सके। वही सीएलजी सदस्यों ने पुलिस चौकी में पुलिस जाप्ता लगवाने व पुलिस चौकी के सामने खाली पड़ी जगह में नगर पालिका के पार्किंग खुलवाने की मांग की। वही बाजार बंद के मामले सहमति व निर्णयों को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान कांग्रेस नेत्री मीना गुप्ता, सदर छोटेलाल मास्टर, ईश्वर नकड़ा, पूर्व जिला मंत्री मुकेश पटेल, इकबाल खान, नूतन शर्मा, बॉक्सर जुबेर खान, धर्मेंद्र गुप्ता, अमरनाथ चावला, नरपत सिंह, अमरनाथ चावला, बलराम गुप्ता, महेश शर्मा सहित कई दर्जनों की तादाद में शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

पिस्तौल की नोंक पर 20 हजार रुपए लूटे, मारपीट कर भाग गए आरोपी

सितारा न्यूज नेटवर्क

वी.पी.मीणा /बहरोड़ । क्षेत्र के ऊँटोली गांव निवासी सचिन पुत्र मुकेश जाट ने पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया की बीते दिन बुधवार को अपने घर से 20 हजार रुपए लेकर अपने भाई राहुल भूंगार का फैट पर लेकर जा रहा था। शाम 6 बजकर 30 मिनट के लगभग ऊँटोली गांव की सरकारी स्कूल के पास हेमन्त उर्फ टुन्दु, पुत्र वीरसिंह, जीतू उर्फ शूटर पुत्र संजय व इनके साथ अन्य 15-20 लड़के मेरी मोटरसाइकिल रुकवा कर पिस्टल कनपटी पर लगाकर मेरे गले से चांदी की चेन व 20 हजार रुपए छीन लिए और मेरे साथ मारपीट करने लग गए। तथा मुझे गिराकर लात घूसो से मारने लग गए। तथा लकड़ी व सरियों से मेरे पर वार किया। जिससे मेरे हाथ पैर में गंभीर चोटें आई हैं। तथा मेरी मोटरसाइकिल तोड़ दिए। जब मैं नीचे गिर गया तो यह लोग मुझे वहां पर छोड़कर भाग गए। यह लोग मुझे जान से मारने की कोशिश में आए थे। और मुझे जान से मारने की धमकी भी दी है। इन लोगों से मुझे जान माल का खतरा हुआ है। यह लोग मेरे साथ कभी भी वारदात कर सकते हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पालिका उपाध्यक्ष शर्मा ने लौटाया खोया हुआ मोबाइल

सितारा न्यूज नेटवर्क

रींगस(अरविन्द कुमार)। नगरपालिका उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने सड़क पर पड़े मोबाइल को उसके मालिक तक पहुंचा कर ईमानदारी का परिचय दिया और कस्बे वासियों को भी ईमानदारी की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार धायल हॉस्पिटल के सामने गौरव पथ पर हो रहे गड्ढों की वजह से खाटूश्यामजी जा रहे दिल्ली निवासी बाइक सवार विनोद कुमार का रियल मी का मोबाइल गिर गया, पीछे से स्कूटी लेकर आ रहे नगरपालिका उपाध्यक्ष अमित शर्मा को मोबाइल मिलने पर नगर पालिका कार्यालय के सामने विनोद कुमार को उसका खोया हुआ मोबाइल वापस लौटाया। विनोद कुमार ने बताया कि उसका रियल मी का मोबाइल करीब 18 हजार रुपए की कीमत का था जिसमें उसके कई दस्तावेज और सूचनाएं थी।

सोलर एनर्जी क्षेत्र में महिलाओं को मिलेगा रोजगार

सितारा न्यूज नेटवर्क

धौलपुर/अंकित गोयल । धौलपुर जिले में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत गौतम बुद्ध वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित 23 ग्रामीण क्षेत्रों से युवतियों टीवी के लिए सोलर लाइटिंग असेंबलर के प्रशिक्षण कोर्स का समापन हुआ । गुरुवार को कोर्स के अंतिम दिन बाहर से आए असेसर द्वारा कोर्स की गुववक्ता को परखने के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया और मौखिक परीक्षा भी ली गई । गौतम बुद्ध वेलफेयर सोसायटी के सफल संचालन की वजह से कौशल विकास केंद्र का परिणाम शत प्रतिशत रहा । इस अवसर पर कौशल विकास केंद्र के प्रबंधक द्वारा सफल प्रशिक्षण लेने वाली युवतियों को रोजगार के अवसर उनके सामने रखे गए और उनको बताया कि जो भी सफल अभ्यर्थी रोजगार करना चाहता है, उसको रोजगार निश्चित रूप से उपलब्ध है । युवतियों ने रोजगार के प्रति भी काफी उत्साह देखा गया आज के अवसर पर राजस्थान कौशल आजीविका विकास निगम की ओर से जिला कौशल समन्वयक सुरेन्द्र सिंह एवं एसेसर जयप्रकाश केंद्र प्रबंधक योगेश कुमार यादव विनोद कुमार त्यागी महावीर त्यागी प्रशिक्षक मनोज कुमार नीरज कुमारी ने भाग लिया ।

ब्यावर में प्रशासन एसी की हवा में मस्त और आवारा जानवर सड़कों पर व्यस्त

आवारा पशुओं की लड़ाई से आने जाने वालों को सदैव बना रहता है चोटिल होने का अंदेशा

सितारा न्यूज नेटवर्क

सड़कों पर आवारा पशुओं के जमावड़े से राहगीर परेशान

EXPOSE
सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर, ब्यूरो चीफ (अनिल सिखवाल) । हालांकि ब्यावर के जिले की घोषणा हो चुकी है लेकिन जिस तरह से शहर के प्रमुख बाजारों में एवं सड़कों पर आवारा पशुओं के जमावड़े की स्थिति देखने को मिल रही है, निसंदेह नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठना लाजमी है शहर के प्रमुख बाजारों की बात करे तो कई बार चांद गेट के बाहर और अंदर आवारा पशुओं का जमावड़ा देखने को मिलता है इसी तरह सिटी सिनेमा के सामने रोड पर आवारा पशुओं का जमावड़ा देखने को मिलता है वही दूसरी ओर सिटी थाना, न्यायलय एवं बस स्टैंड के बाहर, पटेल स्कूल, नगर परिषद के बाहर भी आवारा पशुओं का जमावड़ा देखने को मिलता है कई बार आवारा पशुओं की लड़ाई के चक्कर में दुपहिया वाहन चालक गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं आखिर प्रशासन के आला अधिकारी की नजर इन पर क्यों नहीं जाती है। क्यों नही आवारा पशुओं के जमावड़े से शहर को मुक्त किया जाए प्रतिदिन आवारा पशुओं की लड़ाई के आतंक से आने जाने वाले राहगीर अथवा पैदल चलने वाले आमजन भय के साए में अपने आपको व्यतीत पा रहे हैं कई बार तो आवारा पशुओं जमावड़े के कारण यातायात व्यवस्था भी चौपट हो जाती है यहां तक लंबा जाम भी लग जाता है जब शहर के मुख्य सड़कों पर आवारा पशुओं के जमावड़े की यह स्थिति देखने को मिल रही है तो शहर के अन्य जगह की स्थिति का आकलन किया जा सकता है जब शहर के मुख्य चौराहों पर आवारा पशुओं के जमावड़े पर आला अधिकारी की नजर नहीं पड़ रही है तो वह शहर की कार्यप्रणाली के प्रति कितने जागरूक है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है यदि समय रहते इन आवारा पशुओं के जमावड़े को नहीं हटाया गया तो कोई बड़ी घटना घट सकती है सांप निकल जाने के बाद लाठी पीटने से फिर कुछ नहीं होने वाला वैसे भी ब्यावर नगर परिषद तो सदैव लोगों के बीच में चचाओं से युक्त रहती है अब जिला बनने जा रहा है लेकिन शहर के यह हाल सफाई व्यवस्था तो वैसे भी चौपट है पिछले दिनों बोहरा पार्क में लगी ओपन जिम अपनी बेबसी के आंसू बयां कर रही थी आज भी बोहरा पार्क वालीओपन जिम कूड़े एवं गंदगी के पानी से परिपूर्ण नजर आ रही है लेकिन नगर परिषद के आला अधिकारियों तथा वार्ड पार्षद को क्या लेना देना उनकी जेब से थोड़े ही ओपन जिम का खर्चा लगा है लाखो रुपए के लगे समान अपनी बेबसी को रोते हुए नजर आ रहे हैं खैर कारण कुछ भी रहा हो समय रहते उक्त दोनों समस्याओं का शीघ्र समाधान होना चाहिए।

वाह रे नगर परिषद तेरा भी क्या कहना तेरी कार्यप्रणाली राम भरोसे ही है

नव प्रवेशित विद्यार्थियों का कॉलेज प्रांगण में हुआ स्वागत

राजपूताना पी.जी. महाविद्यालय

वी.पी.मीणा / बहरोड़ । कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजपूताना पीजी कॉलेज में गुरुवार को प्राचार्य डॉ. एचएन धोलीवाल की अध्यक्षता में नव आगन्तुक विद्यार्थियों का प्रवेशोत्सव समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर धोलीवाल ने कहा कि जो विद्यार्थी नियमित रुप से अनुशासन में रहकर अध्ययन करता है। उसे निश्चित रुप से सफलता मिलती है। उन्होंने सभी नव आगन्तुक विद्यार्थियों को शुभकामनाऐं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इससे पूर्व प्राचार्य ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माला व द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। नव आगन्तुक विद्यार्थियों का सहायक प्रोफेसर संतोष सैनी द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान उपप्राचार्य उमराव लाल, डॉ. अरुण कुमार, सहायक प्रोफेसर आरपी धोलीवाल, एसके शर्मा, राधेश्याम मोरवाल, पूजा, पुनीत नागर, प्रकाश गिरी, मनीष मीणा, चंचल, केदारनाथ वर्मा, हेमन्त सैनी, मन्नु शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

जिला प्रमुख रमा देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक

ग्रामीण विकास स्थाई समिति की बैठक में आमजन से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। जिला परिषद सभागार में गुरूवार को विकास कार्यों के पर्यवेक्षण एवं समीक्षा संबंधी कार्यों हेतु गठित ग्रामीण विकास स्थाई समिति की बैठक हुई। जिला प्रमुख रमा देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों ने आमजन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में समिति सदस्यों द्वारा जयुपर ग्रामीण में टूटी सड़कों का मुद्दा उठाया गया तो जिला प्रमुख ने सार्वजनिक विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत करवाने के निर्देश दिये। साथ ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया। समिति के सदस्यों ने बैठक में विकास कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति, वित्तीय स्वीकृति एवं तकनीकी स्वीकृतियों के समयबद्ध निस्तारण की मांग उठाई। कई सवालों के जवाबों पर समिति सदस्य संतुष्ट नहीं हुए तो अधिकारियों को अगली बैठक में बेहतर तैयारी के साथ आने के लिए पाबंद किया गया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद डॉ. शिल्पा सिंह, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

गणेश स्थापना को लेकर विनायक सेवा समिति की मीटिंग हुई आयोजित

सितारा न्यूज नेटवर्क

बाडी/अंकित गोयल । विनायक सेवा समिति की मीटिंग बुधवार शाम 7:00 बजे श्री सत्यनारायण धर्मशाला बाड़ी में आयोजित की गई जिसमें गत वर्ष का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया एवं सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का चुनाव पर्यवेक्षक अंतराम एवं खन्ना मंगल की देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर संजय बंसल को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया । वहीं महामंत्री पद पर नीरज शर्मा एवं मंत्री पद पर रामकुमार उर्फ रामू चौधरी व कोषाध्यक्ष पर पवन डांग वाले को चुना गया ।मीटिंग में आगामी 19 सितंबर से पांच दिवसीय गणेश उत्सव मनाने का निर्णय सर्वसम्मति से किया गया। अंत में मीटिंग का समापन गणेश वंदना एवं गणेश जी के जय घोष के साथ समापन किया गया । मीटिंग के दौरान ललित शर्मा, नीरज सोनी, सतीश, सोनू बीज वाले, रिंकू कुशवाहा, विजय बंसल, नीतू सीमेंट वाले, अजय बंसल, अनूप धमनिया, गोपाल सिंघल, लोकेश बंसल, महावीर, मनीष, नीरज, पंकज गर्ग, राघव मित्तल, रवी गर्ग, सुभाष गर्ग, योगेंद्र मंगल आदि उपस्थित रहे ।

लक्ष्मणगढ़ बंद का रहा आंशिक असर...

नगर पालिका प्रशासन से व्यापारिक संगठनों की वार्ता के बाद दोनों पक्षों में बनी सहमति

सितारा न्यूज नेटवर्क

लक्ष्मणगढ़। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान नगर पालिका की टीम के सदस्यों के अभद्र व्यवहार करने व बिना नोटिस की अवधि पूरी किये बिना अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही से नाराज व्यापारिक संगठनों की अपील पर गुरुवार को कस्बा लक्ष्मणगढ़ बंद का आंशिक असर रहा। अतिक्रमण हटाने कार्यवाही के दौरान नपा के कुछ कर्मचारियों के द्वारा अभद्र व्यापार तथा नोटिस अवधि समाप्त होने से पहले ही अतिक्रमण हटाने के विरोध में गुरुवार को कस्बा लक्ष्मणगढ़ आंशिक रुप से बंद रहा। वही गुरुवार को कस्बे का एक शिष्ट मंडल भाजपा नेता पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीना, मंडल अध्यक्ष नरपत सिंह, कुलदीप घीया, श्याम खारवाल, अशोक गाबा, पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वर नकड़ा, पूर्व जिला मंत्री मुकेश पटेल, भक्ति साहू के नेतृत्व में नगर पालिका ईओ जगदीश खीचड़ से मिले और मामले के बारे में अवगत करवाया। भाजपा नेता बन्नाराम मीना ने ईओ जगदीश खीचड़ को बताया कि नगर पालिका के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान नोटिस देने के कुछ ही घंटो के बाद ही अतिक्रमण हटाने के कार्यवाही की। इस दौरान नियम विरुद्ध अतिक्रमण हटाने का विरोध किया तो टीम के कुछ सदस्य ने व्यापारियों के खिलाफ गाली गलौज ओर अभद्र व्यवहार किया। बाद में कुछ लोगो नपा कार्यालय पहुचे तो वहां भी व्यापारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया। पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीना व संगठनों के पदाधिकारियों ने दोषी कर्मचारियों को निलंबित करने की मांग की। जिस पर

ईओ जगदीश खीचड़ ने दोषी कर्मचारी के खिलाफ तुरंत कार्यवाही कर निलंबत कर दिया। वही नियमानुसार ही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने की बात पर सहमति बनी। वही नपा ईओ जगदीश खीचड़ ने भविष्य में कस्बे वासियो के सहयोग से विकास कार्य करवाने व लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही।

नपा प्रशासन व कई अन्य विषयों पर दोनों पक्षों में सहमति बनी गई और बाद में व्यापारी बाजार खोलने को राजी हो गये। इस दौरान पूर्व मण्डल ईश्वर नकड़ा, पूर्व जिला मंत्री मुकेश पटेल, चन्द्रप्रकाश खण्डेलवाल, नरपत सिंह, धर्मेन्द्र मीना, अशोक गाबा, सन्तोष फरसोइया, दुल्ली सैनी, भूपेंद्र सैनी सहित सैकड़ों की तादाद में लोग मौजूद रहे।

अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने ई- मित्र संचालक पर की फायरिंग, पैर में लगी गोली, ई-मित्र संचालक घायल

ई-मित्र संचालक का रुपयों से भरा बैग लेकर बाइक सवार बदमाश हुए फरार, प्रथम दृष्टया आपसी रंजिश का सामने आ रहा मामला

सामोद थाना क्षेत्र के ग्राम जाटावाली का है मामला,पुलिस ने करवाई नाकाबंदी

चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)। सामोद थाना क्षेत्र के ग्राम जाटावाली में गुरुवार देर शाम बाइक पर सवार बदमाशों ने ई- मित्र संचालक पर फायरिंग कर उसका रुपयों से भरा बैग छीन कर फरार हो गए । थाना क्षेत्र मे फायरिंग की हुई वारदात की सूचना मिलने पर सामोद थाना पुलिस मौके पर पहुंची । ई-मित्र संचालक ग्राम जाटावाली का बताया जा रहा है । जानकारी के अनुसार ग्राम जाट वाली निवासी महेंद्र जाट अपनी ई-मित्र की दुकान बंद कर घर लौट रहा था कि तभी रास्ते में सामने से आ रहे तीन बाइक सवार बदमाशों ने ई मित्र संचालक पर हमला कर रुपयों से भरा बैग छीनने का प्रयास किया । इसी दौरान एक बदमाश ने ई मित्र संचालक के पैर में गोली मार दी ओर रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए । इधर घायल ई-मित्र संचालक महेन्द्र जाट को चौमूं के बराला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है । पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्परता दिखाकर बदमाशों की तलाश हेतु सम्पूर्ण क्षेत्र की नाकाबंदी करवा दी है। इसी बीच घटना की सूचना मिलने पर चौमूं विधायक रामलाल शर्मा व रालोपा प्रदेश महामंत्री छुट्टन लाल यादव भी अस्पताल पहुंचे । जहां उन्होंने घटना की जानकारी लेते हुए प्रदेश की लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था लूट व फायरिंग जैसी घटनाओं के लिए कांग्रेस की प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा । घायल महेंद्र जाट उम्र 28 पुत्र गिरधारी लाल जाट निवासी जाटावाली है ।

जानकारी के अनुसार घायल महेंद्र जाट ने ग्राम जाटावाली में एसबीआई फिनो बैंक की ब्रांच ले रखी है व साथ ही ई- मित्र संचालक भी है । जानकारी के अनुसार ई-मित्र संचालक के बैग में करीब 6 से 7 लाख रुपये होना बताया जा रहा हैं । प्रथम दृष्टया देखने पर ये आपसी रंजिश का मामला बताया जा रहा है । जिसके चलते फायरिंग की घटना होने की बात सामने आई है । वहीं घायल महेंद्र जाट के पिता गिरधारी लाल जाट ने एक युवक पर आपसी रंजिश के चलते फायरिंग करने का आरोप लगाया है ।

सितारा न्यूज ब्रीफ

बहरोड में महिला को बहला-फुसलाकर बदमाशों ने लूटे गहने

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

सितारा न्यूज नेटवर्क

वी.पी.मीणा /बहरोड। कस्बे के अलवर रोड स्थित शांति मार्केट में गुरुवार को दो महिलाओं के साथ अज्ञात युवकों ने झांसा देकर महिलाओं के गहने लूट ले गए। जानकारी के अनुसार कल्याणपुरा निवासी गजराज यादव पुत्र लक्ष्मी नारायण यादव ने पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया कि मेरी बहन सुमित्रा देवी गुरुवार को अपने ससुराल शाहजहांपुर से देवरानी माया देवी के साथ कल्याणपुर स्थित बाबा नीलदास के धोक लगाने के लिए आई थी। उसके बाद वापस अपने ससुराल जाने के लिए बहरोड़ फ्लाईओवर के नीचे नीमराणा वाले नुक्कड़ पर बस के इंतजार में खड़ी हुई थी। दोपहर करीब 2 बजकर 30 मिनट के लगभग 2 लड़के उनके पास आए और उन्होंने दोनों महिलाओं को अपनी बातों में उलझा कर बहका लिया और दोनों व्यक्ति महिलाओं को लेकर शांति मार्केट के पार्क में बैठा लिया। और महिलाओं को उल्टे सीधे झांसे देकर धोखे से दो सोने की चूड़ी एक सोने की अंगूठी ले गए। उसके बाद दोनों महिलाओं को साथ लेकर फ्लाईओवर की तरफ आए और वहां दोनों महिलाओं को छोड़कर चकमा देकर फरार हो गए। घटना को अंजाम देने वाले युवकों की तस्वीर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस घटना के संबंध में सीसीटीवी फुटेज व पीड़ित महिलाओं के सहयोग से आरोपियां को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

जोधपुर ग्रामीण के 12 थानों में बदले थाना अधिकारी:एसपी ने जारी किए आदेश

सितारा न्यूज नेटवर्क

जोधपुर। जोधपुर ग्रामीण के 12 थानों में अब थाना अधिकारी बदल दिए गए हैं। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने इसको लेकर एक आदेश जारी किए हैं। इनमे से 10 थाना अधिकारी अन्य जिलों से स्थानांतरित होकर आए हैं। वहीं चाखू थाना अधिकारी राजूराम काला को पुलिस लाइन भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी आदेश के तहत ओम प्रकाश को फलौदी थाना अधिकारी लगाया गया है। इसी प्रकार से भवानी सिंह को शेरगढ़, सुरतान सिंह को पुलिस थाना चामू, समर वीर सिंह को बाप से चाखु, हमीर सिंह को पुलिस थाना बाप में लगाया गया है। जैसलमेर से आए अचलाराम को मतोड़ा थाना, अशोक कुमार को पुलिस थाना देचू, जमील खान को पुलिस थाना कापरड़ा से भोजासर, दाऊद खां को कापरड़ा, ओम प्रकाश को आसोप, शिवराज सिंह को शेरगढ़, दलपत सिंह को पुलिस थाना भोपालगढ़ थाना अधिकारी लगाया गया है। वही किरण कुमार को प्रभारी अस्पताल चौकी बिलाड़ा लगाया गया है। वहीं चाकू थाना अधिकारी राजूराम काला को पुलिस लाइन भेजा गया है।

डोटासरा आज आएंगे:जिला कांग्रेस कमेटी ऑफिस और जांदू चौक का करेंगे लोकार्पण

सितारा न्यूज नेटवर्क

श्रीगंगानगर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा शुक्रवार को श्रीगंगानगर आएंगे। वे दोपहर साढ़े बारह बजे श्रीगंगानगर पहुंचेंगे। एक पारिवारिक कार्यक्रम भागीदारी के बाद वे जिला कांग्रेस कमेटी के एच ब्लॉक स्थित ऑफिस का उद्घाटन करेंगे। वहां वे कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक में भी शामिल होंगे। विधानसभा चुनाव के लिए टिकट के दावेदारों से मुलाकात करेंगे तथा कार्यकताओं के साथ मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा की जाएगी। डोटासरा दोपहर दो बजे मौसम विभाग रोड स्थित जगदीश जांदू चौक पहुंचेंगे और नगर परिषद के पूर्व सभापति जगदीश जांदू की प्रतिमा का लोकार्पण करेंगे।

कार्यक्रम की तैयारियां गुरुवार को जोरों पर रही। एच ब्लॉक में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। जिला प्रभारी जिया उर रहमान आरिफ, जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी सहित कई लोगों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं जांदू चौक पर होने वाले आयोजन के लिए भी बड़े स्तर पर तैयारियां की जा रही है। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्रसिंह रंधवा के भी पहुंचने की संभावना है।

घर से 10 कदम दूर महिला से छीना बैग:CCTV में कैद हुई वारदात

सितारा न्यूज नेटवर्क

जोधपुर। जोधपुर शहर की सड़कों पर इन दिनों महिलाओं का चलना खतरे से खाली नहीं है। पुलिस कमिश्नरेट के चौपासनी क्षेत्र के सेक्टर 12 में गुरुवार को अपने पति के साथ घर जा रही महिला के साथ बैग छीनने की घटना सामने आई है। बाइक पर सवार होकर आए 2 युवक महिला के हाथ से झपट्टा मारकर बैग छीनकर फरार हो गए। घटना महिला के घर के बाहर ही हुई। बैग छीनने की पूरी वारदात महिला के मकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसको लेकर अब थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। राम किशन दुलानी ने बताया की वह दोपहर को 11.10 बजे पत्नी के साथ स्कूटी पर बैठकर घर आ रहे थे। चौपासनी सेक्टर 12 में पहुंचने पर उनके घर से कुछ कदम पहले ही 2 बाइक सवार युवक आए। उन्होंने स्कूटी के पीछे की सीट पर बैठी उनकी पत्नी के हाथ में रखा बैग छीन लिया और भाग निकले। बैग में ढाई हजार रुपए और आईफोन भी था।

अलवर सरस डेयरी में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही की उठी मांग...

अलवर सरस डेयरी संघ के तीनों रुटो की मीटिंग हुई आयोजित ,दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

घी बेचते पकड़े गए डायरेक्टर बन्ने सिंह गुर्जर व फर्जी तरीके से घी बेचने वाली समिति के खिलाफ कार्रवाई की मांग

सितारा न्यूज नेटवर्क

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना । अलवर जिला मुख्यालय पर स्थित अलवर सरस डेयरी मे ब्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग गुरुवार को तीनो रूट मिटिंग मे जबरदस्त विरोध प्रदर्शन कर डेयरी डायरेक्टर शिवलाल मीना , डायरेक्टर कैलाश मीना , डायरेक्टर कमला देवी एवं डायरेक्टर व पूर्व चेयरमैन रामफल गुर्जर द्वारा एवं समिति सचिवों के द्वारा कार्रवाई की मांग उठाई गई । डेयरी अधिकारियो को 03 दिन का समय दिया गया है और यदि 03 दिन मे कार्रवाई नही की गई, तो समस्त डेयरी डायरेक्टर्स और समिति सचिवों के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जावेगा । जो उग्र आन्दोलन के रूप मे भी हो सकता है जिसकी जिम्मेदारी अलवर डेयरी संघ एमडी महेश कुमार शर्मा की होगी।

उल्लेखनीय है कि हाल ही मे अलवर सरस डेयरी का घी खुलेआम अलवर के विजय नगर मे निजी घर पर जीएसटी टीम द्वारा पकडा गया जो टपूकडा समिति के नाम से संघ से बिल बताये है और डायरेक्टर्स ने आरोप लगाए कि घी की गाडी के साथ बने सिंह गुर्जर जो अलवर डेयरी डायरेक्टर है उनके द्वारा इस कारनामे को अंजाम दिया गया है, लेकिन अलवर दूध संघ एमडी द्वारा अभी तक भी टपूकडा समिति को बन्द नही किया गया है और ना ही डायरेक्टर बने सिंह के खिलाफ कोई कार्रवाई की है और ना ही अभी तक उस वाहन को भी जप्त नही किया है जिसके द्वारा इस कारनामे को अंजाम दिया है।

गुरूवार को रैणी-रूट पर तथा राजगढ रूट व खेड़ली-कठूमर रूट की मिटिंग हुई जिसमे अलवर डेयरी के अधिकारी भी मौजूद रहे तो तीनो रूट मिटिंग मे अलवर डेयरी के डायरेक्टर शिवलाल मीना , कैलाश मीना , कमला देवी , रामफल गुर्जर तथा सम्बन्धित रूट के सभी सचिवो ने डेयरी अधिकारियो को अलवर दूध संघ मे हो रहे भ्रष्टाचार के सारे सबूत दिए और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की जबरदस्त मांग की और डेयरी अधिकारियो को कार्रवाई के लिए 03 दिवस का समय दिया और 03 दिन बाद आन्दोलन की चेतावनी भी दी है जिसके लिए जिम्मेदार भी अलवर डेयरी एमडी को ही माना जावेगा।

डेयरी के अधिकारियो ने भी सभी सचिवो एवं डेयरी डायरेक्टर्स को आश्वस्त किया कि हमारे द्वारा 03 दिवस मे निश्चित रूप से दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जावेगी।

मिडिया को यह सारी जानकारी शिवलाल मीना अलवर सरस डेयरी डायरेक्टर के द्वारा दी गई है।

आमेर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की साधारण सभा का हुआ आयोजन

सभा को पीसीसी महासचिव प्रशान्त शर्मा, उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर ने किया संबोधित

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। आमेर तहसील के कुकस होटल वृन्दावन में गुरूवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आमेर की साधारण सभा का आयोजन पीसीसी महासचिव प्रशान्त शर्मा आमेर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राधेश्याम मीणा की अध्यक्षता में हुआ। सभा को पीसीसी महासचिव प्रशान्त शर्मा, उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर ने सम्बोधित किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर , पार्षद हनुमान गुर्जर, अंजली अचरोल मंडल अध्यक्ष रामजीलाल यादव, चौंप अध्यक्ष सुरेश शर्मा, मानपुरा माँचेडी अध्यक्ष गिरार्ज शर्मा, लखेर अध्यक्ष लालाराम गुर्जर, कुकस अध्यक्ष महेश खण्डेलवाल, पार्षद अंजली ब्रह्मभट्, फातिमा जी , पंचायत समिति सदस्य सरदारमल पिंगोलिया, कालुराम पटेल, मुकेश गुर्जर खैरवाडी, रामसिंह नटवाडिया, प्रदीप झरवाल, रणवीर सिंह, सरपंच हरीराम मीणा, पूर्व सरपंच शेरसिंह, रामसिंह खड़ोत्या, श्रवण बेनिवाल, ओमप्रकाश शर्मा, प्रभुदयाल सैनी, छोटीलाल मीणा, लालाराम परसवाल, राधेश्याम बुनकर, कल्याण तँवर सहित ब्लॉक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

छात्र-छात्राओं को बाल विवाह व लैंगिक असमानता विषय पर आधारित दिखाई लघु फिल्म

लघु फिल्म दिखाकर छात्र छात्राओं को बाल विवाह व लैंगिक असमानता के प्रति किया जागरूक

बस्सी (रामफूल मीणा)। बस्सी उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झर में एस .के फाउंडेशन सिनेमा ऑन व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड जयपुर द्वारा गुरुवार को कक्षा एक से कक्षा 12 तक के छात्र छात्राओं को यूनिसेफ द्वारा निर्मित बाल विवाह व लैंगिक असमानता आदि विषयों पर लघु फिल्म दिखाई गई यह फिल्म बच्चों के लिए बहुत ही उपयोगी व ज्ञानवर्धक लगी इस फिल्म को सभी छात्र छात्राओं के साथ विद्यालय के समस्त स्टाफ के सदस्यों ने भी देखा और इस दौरान छात्र छात्राओं की संख्या 150 रही और इस दौरान विधालय का सम्पूर्ण स्टाफ मौजूद रहा और इस दौरान विद्यालय द्वारा एस के फाउंडेशन और सिनेमा ऑन व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड के इस प्रयास की प्रशंसा की गई और विद्यालय परिवार की और से आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और इस मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल वीर सिंह मीणा, ओमप्रकाश मीणा, मुकेश मीणा, गोविंद नारायण शर्मा, उमेश कुमार चतुवेर्दी , राज सिंघल , विनीता जैन, रामचंद्र मीणा व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और इस दौरान छात्र-छात्राओं में भी काफी उत्साह दिखाई दिया ।

नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 4 साल की जेल

धौलपुर। जिले के विशेष पॉक्सो कोर्ट ने 10 वर्षीय नाबालिग के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने के मामले में मामले में एक आरोपी को दोषी करार देते हुए 4 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 21 हजार रुपए के जुमार्ने से दण्डित किया है।विशेष पॉक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक संतोष मिश्रा ने बताया कि धौलपुर जिले के कंचनपुर थाना पर एक परिवादी ने 25 मई 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया कि 21 मई 2021 को उसकी 10 वर्षीय नाबालिग पुत्री खेत से घर जा रही थी।

साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा चतुर्थ दिवस..

व्यासपीठाचार्य ने अष्टम स्कंध से कृष्ण जन्मोत्सव की कथाओं का का सुनाया संगीतमय प्रसंग

साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में उत्तरोत्तर बढ़ रही श्रद्धालुओं व भक्तजनों की संख्या

सितारा न्यूज नेटवर्क

चौमूं (सुनील कुमार पाराशर) । शहर के मगध नगर स्थित सामुदायिक भवन में चल रही साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में गुरुवार को व्यासपीठ आचार्य पं. रामबाबू शास्त्री ने अष्टम स्कंध से लेकर कृष्ण जन्मोत्सव तक की कथाओं का बड़ा ही रोचक व सुंदर संगीतमय वर्णन किया। नरसिंह अवतार भक्त प्रहलाद पर आशीर्वाद, अजामिल उपाख्यान, वामन अवतार ,,सूर्यवंश, रघुवंश की कथाओं का वर्णन करते हुए श्रीराम जन्मोत्सव के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव भी बड़े ही धूमधाम से मनाया । यजमान राम अवतार शर्मा स्वयं नंद बाबा बनकर साक्षात नंद उत्सव में भगवान वासुदेव को खिलाने का लाड लड़ाकर जन्मोत्सव मनाया गया । कथा में महामंडलेश्वर पलसाना के महंत श्री मनोहर शरण दास जी महाराज ने अपने ओजस्वी वाणी वचनामृत से सबको आशीर्वाद प्रदान किया । इस दौरान वेदाचार्य अरुण कुमार शर्मा कृपा शंकर शर्मा प्रेम सिंह सोलंकी राम अवतार शर्मा अनुज यादव सभी भक्तों को आनंद विहार होने में सहयोग प्रदान किया । इस दौरान सैकड़ों महिलाएं व भक्तजन भी उपस्थित रहे।

बागेश्वर धाम में धीरेन्द्र शास्त्री ने किया 108 कुंडीय रामकथा महायज्ञ के पोस्टर का विमोचन

प्रभु श्रीराम की कथा हो तो हनुमानभक्त अवश्य आएंगे धीरेन्द्र शास्त्री

बीकानेर में होगा संतों का महाकुम्भ, बरसेगा रामरस : श्रीसरजूदास महाराज

सितारा न्यूज नेटवर्क

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। जहां प्रभु श्रीराम की कथा होती है वहां हनुमान जरूर विराजित होते हैं और जहां हनुमान होते हैं वहां हनुमान भक्त अवश्य पहुंचते हैं। यह बात बागेश्वर धाम में धीरेन्द्र शास्त्री ने बीकानेर में होने वाले 108 कुंडीय श्रीरामचरित मानस महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के पोस्टर विमोचन अवसर पर कही। सुजानदेसर स्थित रामझरोखा कैलाशधाम के पीठाधीश्वर सरजूदासजी महाराज ने बताया कि पद्मविभूषित जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज के सान्निध्य में सियाराम गौशाला में 19 नवम्बर से 27 नवम्बर तक 108 कुंडीय महायज्ञ श्रीरामचरित मानस श्रीराम कथा एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन तथा रामझरोखा कैलाश धाम की वेबसाइट का लोकार्पण बुधवार को बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा किया गया। आयोजन से जुड़े प्रचार-प्रसार प्रभारी कन्हैयालाल भाटी ने बताया कि धीरेन्द्र शास्त्री ने कार्यक्रम संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा कार्यक्रम का निमंत्रण स्वीकार किया। लोकार्पण अवसर पर मुरली गहलोत, राकेश सांखला, गोपाल किराडू एवं जेठमल तंवर आदि उपस्थित रहे। वेबसाइट निमार्ता रजनीश जोशी ने बताया कि रामझरोखा कैलाशधाम की वेबसाइट में आगामी आयोजन संबंधी सभी जानकारियां व परिचय आदि उपलब्ध रहेंगे।

राजकीय कन्या महाविद्यालय रामगढ़ पचवारा में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का संशोधित कार्यक्रम...

अभ्यर्थी मूल दस्तावेजों का सत्यापन तथा ई-मित्र पर 7 अगस्त तक करवा सकेंगे फीस जमा

सितारा न्यूज नेटवर्क

वरुण कामदार/रामगढ़ पचवारा । उपखंड के राजकीय कन्या महाविद्यालय रामगढ़ पचवारा में सत्र 2023 झ 24 में स्नातक स्तर बीए, प्रथम वर्ष में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया जिसमें मूल दस्तावेजों का सत्यापन तथा अभ्यर्थियों द्वारा ई मित्र पर फीस भी 7 अगस्त तक जमा करवाई जा सकेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निदेर्शानुसार प्रवेशित विधार्थियों के प्रथम अंतरिम सूची का प्रकाशन सोमवार 10 अगस्त को किया जाएगा। प्रवेशित विधार्थियों के वर्ग का निर्धारण व विषय का आवंटन 11अगस्त को किया जाएगा। 12 अगस्त से प्रथमवर्ष के विद्यार्थियों का अध्यापन कार्य शुरू होगा। प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया ने बताया कि स्नातक पार्ट द्वितीय, तृतीय में प्रवेश नवीनीकरण एवम ई मित्र पर फीस जमा कराने की अंतिम तिथि 10 अगस्त तक बढ़ा दी गई है।

भोगीशैल परिक्रमा का समापन, उम्मेद भवन में हुआ स्वागत:7 दिन रहा पड़ाव, पथरीली डगर पर भी नहीं रुके कदम

जोधपुर। मारवाड़ का महाकुंभ कही जाने वाली भोगीशैल परिक्रमा का आज समापन हुआ। 7 दिन तक चली इस परिक्रमा में जोधपुर सहित आस-पास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और शहर के पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व के धार्मिक स्थलों का दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।अंतिम दिन पड़ाव सुबह 5 बजे संतोषी माता, कागा तीर्थ शीतला माता, शेखावत बालाजी के दर्शन कर उम्मेद भवन पहुंचा। यहां पूर्व नरेश गजसिंह और हेमलता राजे ने ध्वज का पूजन किया। इसके बाद रातानाडा गणेश मंदिर, पुलिस लाइन, सोजती गेट, कंदोई बाजार, कपड़ा बाजार, सराफा बाजार, जूनी मंडी गंगश्यामजी मंदिर दर्शन कर परिक्रमा ध्वज हिंदू सेवा मंडल कार्यालय घंटाघर पहुंचकर विसर्जन हुआ।

कोरिया का जीत से आगाज जापान को 2-1 से दी मात

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी
HYUN Ji gwang
26

__चेन्नई।__ मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया ने गुरुवार को यहां एक करीबी मैच में जापान को 2-1 से हराकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत की। रियोमा ओओका ने छठे मिनट में टूर्नामेंट का पहला गोल करके जापान को बढ़त दिलाई लेकिन चेओलियन पार्क ने 26वें मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया। इस तरह से दोनों टीम मध्यांतर तक 1-1 से बराबरी पर थीं। जंग हू किम ने तीसरे क्वार्टर के पांचवें मिनट में गोल करके दक्षिण कोरिया को बढ़त दिलाई जो उसने आखिर तक बरकरार रखी। इसके बाद जापान ने लगातार हमले किए लेकिन दक्षिण कोरियाई रक्षकों ने अच्छी तरह से बचाव करके अपनी टीम को तीन महत्वपूर्ण अंक दिलाए।

वर्ल्ड कप : नॉकआउट में पहुंचने वाला पहला अरब या उत्तर अफ्रीकी देश

मोरक्को ने रचा इतिहास, दो बार का चैंपियन जर्मनी बाहर

एजेंसी ▶▶| पर्थ

मोरक्को ने गुरुवार को यहां कोलंबिया को 1-0 से हराकर महिला फुटबॉल विश्व कप के नॉकआउट में जगह बनाकर इतिहास रचा। दो बार का चैंपियन जर्मनी दक्षिण कोरिया के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलकर पहली बार नॉकआउट चरण में जगह बनाने में विफल रहा। मोरक्को पहला अरब या उत्तर अफ्रीकी देश है जिसने महिला विश्व कप के ग्रुप चरण की बाधा को पार किया है और टूर्नामेंट में खेल रही आठ नई टीमों में पहली टीम है जिसने नॉकआउट में जगह बनाई।

मोरक्को के लिए विजयी गोल पहले हाफ के इंजरी टाइम में अनीसा लाहमारी ने दागा। विरोधी गोलकीपर ने पेनल्टी किक पर शॉट को रोक दिया था लेकिन अनीसा ने रिबाउंड पर गोल दाग दिया। इस जीत की बदौलत मोरक्को ने ग्रुप एच में कोलंबिया के बाद दूसरे स्थान पर रहते हुए नॉकआउट में जगह बनाई। इसके साथ ही दो बार का चैंपियन जर्मनी टूर्नामेंट से बाहर हो गया। कोलंबिया और मोरक्को दोनों के समान छह अंक रहे जबकि जर्मनी चार अंक ही जुटा पाया।

दुनिया की दूसरे नंबर की टीम बाहर

मोरक्को को टूर्नामेंट में अपने पदार्पण मैच में जर्मनी के खिलाफ 0-6 से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इसके बाद उसने कोरिया और कोलंबिया को हराकर नॉकआउट में प्रवेश किया। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम जर्मनी को ब्रिसबेन में इसी मुकाबले के साथ चल रहे एक अन्य ग्रुप मैच में दक्षिण कोरिया ने हराना था लेकिन यह मुकाबला 1-1 से बराबर रहा। कप्तान एलेक्सांद्रा पोप की अगुआई में जर्मनी ने ढेरों मौके बनाए लेकिन टीम विजयी गोल दागने में विफल रही।

जर्मनी ने पहली बार किया निराश

दक्षिण कोरिया को छठे मिनट में चो सोहयुन ने बढ़त दिलाई लेकिन 42वें मिनट में पोप ने स्वेंजा हुथ के क्रॉस पर हेडर से गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। जर्मनी ने इसके बाद विजयी गोल दागने के भरसक प्रयास किए। पोप ने 57वें मिनट में गोल कर भी दिया लेकिन वीएआर (वीडियो सहायक रैफरी) का सहारा लेने पर गोल नकार दिया गया। कुछ समय बाद पोप को गोल करने का एक और मौका मिला लेकिन उनका हेडर से मारा शॉट क्रॉस बार से टकरा गया। जर्मनी को दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के 11वें और 12वें मिनट में गोल करने के दो और मौके मिले लेकिन दोनों बार सिडनी लोहमैन का शॉट लक्ष्य से दूर रहा। महिला विश्व कप में नौवीं बार हिस्सा लेते हुए जर्मनी की टीम पहली बार ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में नाकाम रही।

खबर संक्षेप

एंडरसन के अनुभव की जरूरत : हुसैन

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड और हरफनमौला मोईन अली के रिटायर होने के बाद इंग्लैंड को अगले साल भारत में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए जेम्स एंडरसन के अनुभव की जरूरत होगी। टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट ले चुके तेज गेंदबाज 41 वर्ष के एंडरसन एशेज श्रृंखला में कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाए। हुसैन ने आईसीसी रिव्यू में कहा, 'भारत के खिलाफ जिम्मी का रिकॉर्ड बहुत अच्छा है। इंग्लैंड को संतुलित गेंदबाजी आक्रमण की जरूरत है। टीम को अनुभव की जरूरत है।'

सितंबर में ही भारत आएगी नीदरलैंड टीम

बेंगलुरु। आईसीसी विश्व कप 2023 के लिए अपनी तैयारियां पुख्ता करने के मकसद से नीदरलैंड टीम कुछ अभ्यास मैच खेलने सितंबर के दूसरे सप्ताह में ही भारत आ जाएगी। मैचों की तारीखों और स्थान पर अभी काम हो रहा है। नीदरलैंड क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बताया, 'हम कुछ दिन पहले ही भारत पहुंच रहे हैं। हम आधिकारिक अभ्यास मैचों से पहले कुछ मैच खेलेंगे। ये मैच हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पिछले महीने विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के बाद से हमने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेली है।'

भारतीय टीम के पूर्व मैनेजर देव नहीं रहे

नई दिल्ली। दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव सुनील देव का लंबी बीमारी के बाद यहां बुधवार को निधन हो गया।

वह 75 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और बच्चे हैं। सत्तर के दशक के आखिर से 2015 तक डीडीसीए में रहे देव बीसीसीआई की विभिन्न उप समितियों में भी रहे। वह दक्षिण अफ्रीका में 2007 में पहला टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के प्रशासनिक मैनेजर थे।

कपिल को भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कांस्य

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

भारत के कपिल सोनोवाल ने एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 102 किग्रा स्पर्धा में गुरुवार को यहां कांस्य पदक जीता। इस 16 वर्षीय खिलाड़ी ने युवा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए कुल 276 किग्रा (125 किग्रा + 151 किग्रा) वजन उठाकर कांस्य पदक पक्का किया।

SIAN YOU
LIFTING C
GREATER NO
- 5th AUGUST 202
Bisleri
SHIV-NARESH
ELEIKO
SHARDA HOSPITAL

सोनोवाल ने यहां गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में चल रही प्रतियोगिता के आठवें दिन स्नैच वर्ग में भी 125 किग्रा भार उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। पिछले महीने राष्ट्रमंडल युवा चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले असम के सोनोवाल क्लीन एवं जर्क में भी कांस्य पदक हासिल कर सकते थे क्योंकि उन्होंने अपने अंतिम प्रयास में 157 किग्रा वजन उठा दिया था लेकिन वह इसे निर्धारित समय तक उठाए रखने में नाकाम रहे। इस बीच ईरान के अबोलफ़ज़ल ज़ारे और कियानी शाहवंडी अबोलफ़ज़ल ने शीर्ष दो स्थानों पर रहकर अपनी टीम को दोहरी सफलता दिलाई।

अंजना को 81 किग्रा भार वर्ग में रजत

दिन के पहले सत्र में भारतीय भारोत्तोलक अंजना श्रीजीत ने 81 किग्रा भार वर्ग के क्लीन एवं जर्क में रजत पदक जीता। जूनियर वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही श्रीजीत ने कुल 190 किग्रा (82 किग्रा + 108 किग्रा) वजन उठाया। यह 18 वर्षीय भारतीय भारोत्तोलक कुल मिलाकर चौथे स्थान पर रही। तुर्कमेनिस्तान की अनमजान रुस्तमोवा ने 228 किग्रा (103 किग्रा + 125 किग्रा) वजन उठाकर पहला जबकि उज्बेकिस्तान की निगोरा सुवोनोवा 206 किग्रा (90 किग्रा + 116 किग्रा) के कुल प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रही। भारत पहली बार एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है।

भारतीय अंडर-23 पुरुष टीम के मुख्य कोच बने मिरांडा

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने क्लाइफोर्ड मिरांडा को भारत की अंडर-23 पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने नालाप्पन मोहनराज को सहायक कोच, रघुवीर खानवालकर को गोलकीपिंग कोच और गाविन एलियास अरायुजो को फिटनेस कोच नियुक्त करने की सिफारिश भी की। एआईएफएफ ने एएफसी अंडर-23 एशियाई कप कतर क्वालीफायर के लिए 28 खिलाड़ियों की संभावित सूची भी जारी की।

रेस में इतना धीमे दौड़ी खिलाड़ी शर्मिंदा हुआ देश, मांगी माफी

- सोमालिया के 100 मीटर धावक ने विजेता से दोगुने समय में पूरी की दौड़

एजेंसी ▶▶| चेंगदू

चीन में आयोजित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में गुरुवार को सोमालिया के एक खिलाड़ी के नाम ऐसा रिकॉर्ड दर्ज हुआ है कि देश को माफी मांगनी पड़ी है। इसके अलावा वहां के नागरिकों की ओर से अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग की गई है। दरअसल, चीन में गेम्स में सोमालिया ने एक नौसिखिया 100 मीटर धावक नसरा अबुबकर अली को मैदान में उतार दिया।

इस नौसिखिए स्प्रिंटर ने विजेता से लगभग दोगुना समय लिया। इसके बाद सोमालिया के खेल मंत्री मोहम्मद बर्रे मोहमूद ने नसरा अबुबकर अली को इस गेम्स में देश की ओर से प्रतिनिधित्वकर्ता चुने जाने के लिए देश से माफी मांगी है। रिपोर्ट के मुताबिक, नसरा अबुबकर अली को उच्च स्तरीय किसी भी खेल प्रतियोगिता में भाग लेने का अनुभव नहीं था। वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के एक वीडियो में दिखता है कि सोमालियन एथलीट नसरा अबुबकर अली जल्द ही गेम्स से बाहर हो जाती हैं। और बाद में हंसते-हंसते उस दौड़ को पूरा करती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अबुबकर ने 100 मीटर दौड़ को 21.81 सेकेंड में पूरा किया। जो विजेता को लगे समय से पूरे 10 सेकेंड ज्यादा है। सोमालिया के खेल मंत्री मोहम्मद बर्रे मोहमूद ने इस घटना को शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा, आज जो (चीन में) हुआ। वह सोमाली लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं करता था। हम इसके लिए सोमाली लोगों से माफी मांगते हैं।

मेसी ने लगातार दूसरे मैच में दागे दो गोल

एजेंसी ▶▶| फोर्ट लॉडरडेल

अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी के लिए लगातार दूसरे मैच में दो गोल किए हालांकि ओरलैंडो सिटी के खिलाफ लीग्स कप के मैच में आंधी तूफान ने खलल डाला।

मेसी ने सातवें और 72वें मिनट में गोल किए। खराब मौसम के कारण मैच 95 मिनट विलंब से शुरू हुआ। मियामी ने 3-1 की जीत से लीग्स कप के अंतिम-16 का टिकट कटा लिया।। मेसी ने एमएलसी क्लब से जुड़ने के बाद क्रूज एजुल के खिलाफ एक और अटलांटा युनाइटेड के खिलाफ दो गोल दागे हैं।

इंटर मियामी की लगातार तीसरी जीत

मेसी के इंटर मियामी से जुड़ने के बाद से टीम की यह लगातार तीसरी जीत है। मेसी के आने से पहले इंटर मियामी की टीम लगातार 11 मैच से कोई जीत दर्ज नहीं कर पाई थी। मेसी ने टीम में नया जोश भर दिया है। इस मैच से मेसी के बार्सिलोना के पूर्व साथी रहे जोर्डी अल्बा ने भी इंटर मियामी के लिए पदार्पण किया। अल्बा 64वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे।

सिंधू, श्रीकांत, प्रणय ने अंतिम-8 में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत के चोटी के खिलाड़ियों पीवी सिंधू, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय ने गुरुवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन बीडब्लूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस सत्र में सात प्रतियोगिताओं में पहले दौर में बाहर होने वाली पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर में हमवतन आकर्षी कश्यप को आसानी से 21-14, 21-10 से पराजित किया। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली सिंधू का क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग से मुकाबला होगा। पुरुष एकल में श्रीकांत ने चीनी ताइपे के ली यांग सु को 21-10, 21-17 से हराया, जबकि छठी वरीयता प्राप्त प्रणय को चीनी ताइपे के यू जेन ची को 21-19, 21-19, 21-13 से हराने के लिए एक घंटे 14 मिनट तक पसीना बहाना पड़ा।

दिल्ली की अदालत ने पहलवान बजरंग को तलब किया

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को पहलवान बजरंग पूनिया को कुश्ती कोच नरेश दहिया द्वारा उनके खिलाफ दायर आपराधिक मानहानिक की शिकायत पर छह सितंबर को तलब किया। मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट यशदीप चहल ने पूनिया को इस दिन अदालत के समक्ष पेश होने का आदेश दिया जिसमें अदालत ने यह माना है कि प्रथम दृष्टया यह मानहानि का मामला लगता है। चहल ने कहा कि तलब किये जाने के चरण में काफी हद तक तय हो गया कि अदालत को संभावित बचाव के तुलनात्मक विश्लेषण की जरूरत नहीं है जो आरोपी द्वारा किया जा सकता है।

150 चेज करने में नाकाम रही आईपीएल स्टार्स से सजी भारतीय टीम

200वें टी-20 में 4 रन से हार गई टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| पोर्ट ऑफ स्पेन

आईपीएल स्टार्स से सजी भारतीय टीम गुरुवार रात 150 रनों का आसान टारगेट चेज करने में नाकाम रही। 200वां टी-20 खेल रही भारतीय टीम को वेस्टइंडीज ने सीरीज के पहले मुकाबले में 4 रन से हराया। इस हार के बाद हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली टीम 5 मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से पिछड़ गई। सीरीज का अगला मुकाबला 6 अगस्त को गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेला जाएगा। पोर्ट ऑफ स्पेन पर वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 149 रन बनाए। 150 रन का टारगेट चेज करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 145 रन की बना सकी।

विंडीज की तेज शुरुआत 2 विकेट भी गंवाए

पहले टी-20 में विंडीज ने तेज शुरुआत की है। टीम ने पहले 6 ओवर में 2 विकेट पर 54 रन बना डाले, हांलाकि टीम ने ओपनर्स के विकेट भी गंवा दिए हैं। मेयर्स एक और किंग 28 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को चहल ने आउट किया।

विंडीज 1-0 से आगे: भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला कैरिबियाई टीम ने चार रन से अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज ने पांच मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। तिलक वर्मा को छोड़ भारत का कोई भी बल्लेबाज आशा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका और टीम इंडिया को शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। बता दें कि भारत से पहले पाकिस्तान की टीम 200 से ज्यादा टी20 मैच खेल चुकी है। इस मैच में वेस्टइंडीज के लिए कप्तान रोवमन पॉवेल ने 48 और निकोलस पूरन ने 41 रन बनाए। गेंद के साथ ओबेड मैकॉय, जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड ने दो-दो विकेट लिए।

इसलिए हारे

खराब फील्डिंग: *खराब फील्डिंग भारत की हार का सबसे बड़ा कारण है। वेस्टइंडीज की पारी में भारतीय टीम ने कैच ड्राप किए। पहला कैच 14वें ओवर की दूसरी बॉल पर शुभमन गिल ने ड्रॉप किया। इसके बाद युजवेंद्र चहल ने 15वें ओवर में कप्तान रोवमन पॉवेल का कैच छिटक दिया।*

ओपनर्स फेल: *वनडे सीरीज में धूम मचाने वाला शुभमन गिल और ईशान किशन की ओपनिंग जोड़ी पूरी तरह फेल रही। गिल 9 बॉल में 3 रन और किशन 9 बॉल में 6 रन बना कर पवेलियन लौटे।*

लगातार विकेट गिरे: *बल्लेबाज बड़ी पार्टनरशिप बनाने में फेल रहे। टीम के लगातार विकेट गिरते ही रहे। 39 रन की सबसे बड़ी पार्टनरशिप सूर्यकुमार और तिलक के बीच हुई।*

इंग्लैंड के हरफनमौला मोईन अली ने की संन्यास की पुष्टि

लंदन। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें एशेज टेस्ट को पारंपरिक प्रारूप में अपना आखिरी मैच बताते हुए इंग्लैंड के हरफनमौला मोईन अली ने कहा कि वह अगले साल टेस्ट श्रृंखला के लिए भारत नहीं जाएंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला अगले साल जनवरी और मार्च में खेली जाएगी। मोईन ने कहा, 'मैं भारत नहीं जाऊंगा। टेस्ट क्रिकेट सर्वश्रेष्ठ है और इस तरह से उसे अलविदा कहने का सही समय है। काश समय को पलट पाता।' मोईन ने इंग्लैंड के लिए 68 टेस्ट में 3094 रन बनाए और 204 विकेट लिए हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे टेस्ट कॅरियर में कई उतार चढ़ाव आए। उसे बदला नहीं जा सकता। इंग्लैंड टीम में वापसी का प्रस्ताव स्वीकार नहीं करता तो हमेशा खेद रहता। मैने आस्ट्रेलिया के खिलाफ कभी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। मेरे पास खोने के लिए कुछ नहीं था।' मोईन अब फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलते रहेंगे।

मनोज तिवारी ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लिया

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने गुरुवार को क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया। मनोज तिवारी ने साल 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंटरनेशनल डेब्यू किया था। 37 साल के तिवारी ने टीम इंडिया के लिए अपना आखिरी मैच साल 2015 में खेला था। पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री का पद संभालने वाले तिवारी ने बंगाल को रणजी ट्रॉफी 2022-23 के फाइनल में भी पहुंचाया।मनोज तिवारी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, क्रिकेट के खेल को अलविदा। इस खेल ने मुझे सबकुछ दिया। मेरा मतलब है कि हर एक चीज, जिसका मैंने कभी सपना भी नहीं देखा था, उस समय की शुरूआत से जब मेरी जिंदगी कई चुनौतियों से जूझ रही थी। हमेशा इस खेल का आभारी रहूंगा ।

'मेक इन इंडिया' के लिए मोदी सरकार ने लिया कड़ा फैसला

लैपटॉप, टैबलेट, कंप्यूटर अब आयात होकर नहीं आएंगे

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बैन के संबंध में जारी किया नोटिफिकेशन

एचएसएन 8741 कैटेगरी के तहत देश में आने वाले प्रोडक्ट्स पर लगाया बैन

सभी क्षेत्रों में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने पर सरकार का है फोकस

प्रतिबंधित सामानों के आयात की अनुमति वैध लाइसेंस के तहत ही दी जाएगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुरुवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए लैपटॉप और कंप्यूटर के आयात पर बैन लगा दिया है। ये बैन एचएसएन 8741 कैटेगरी के तहत देश में आने वाले प्रोडक्ट्स पर लगाया गया है। इसमें अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर वाले कंप्यूटर और सर्वर भी शामिल हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी करते हुए बताया है कि प्रतिबंधित किए गए इन सामानों के आयात के लिए वैध लाइसेंस लेना जरूरी होगा।

आयात के लिए लगाई गई ये शर्त

वाणिज्य मंत्रालय की ओर से साफ कर दिया गया है कि सरकार द्वारा प्रतिबंधित किए गए इन इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स को इस शर्त के साथ आयात की अनुमति दी जाएगी कि आयातित सामान का उपयोग केवल बताए गए उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा। यानी इन्हें बेचा नहीं जाएगा। इसके साथ ही उक्त प्रोडक्ट का उद्देश्य पूरा होने के बाद या तो उपयोग से परे नष्ट कर दिया जाएगा या फिर से निर्यात किया जाएगा।

उद्देश्यः विदेशी बाजारों पर निर्भरता कम करना

सरकार ऑटोमोबाइल से लेकर प्रौद्योगिकी तक सभी क्षेत्रों में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। इसके साथ ही इन सामानों के आयात पर बैन लगाकर, सरकार का लक्ष्य विदेशी बाजारों पर निर्भरता कम करके स्थानीय विनिर्माण क्षमताओं को प्रोत्साहित करना है। बीती अप्रैल-जून तिमाही में, इलेक्ट्रॉनिक्स आयात, 19.7 अरब डॉलर का था, ये आंकड़ा इससे एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 6.25 फीसदी ज्यादा है। इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विशेषज्ञों का मानना है कि यह उपाय स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अच्छा कदम है।

चीन के लिए साबित होगा बड़ा झटका

एचएसएन 8741 के तहत आने वाले लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर और अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर कंप्यूटर और सर्वर का आयात तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। इन प्रतिबंधित सामानों के आयात की अनुमति वैध लाइसेंस के तहत ही दी जाएगी। इसमें ई-कॉमर्स पोर्टल अथवा पोस्ट या कूरियर के माध्यम से खरीदे गए कंप्यूटर भी शामिल हैं। इन सामानों का आयात लागू शुल्क के भुगतान के अधीन होगा। अभी तक एचएसएन 8741 के तहत आने वाले लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर समेत अन्य सामानों का आयात आसान था, लेकिन अब मेक इन इंडिया पर जोर देते हुए इस पर बैन लगा दिया है।

बैगेज नियमों के तहत लागू नहीं होगा बैन

सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े इन सामानों को लेकर यह फैसला ऐसे समय पर लिया गया है जबकि देश में मेक इन इंडिया पर जोर दिया जा रहा है। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि यह प्रतिबंध समय-समय पर संशोधित बैगेज नियमों के तहत आयात पर लागू नहीं होगा। दरअसल, भारतीय सीमा में प्रवेश करने या देश से बाहर जाने वाले प्रत्येक यात्री को सीमा शुल्क के तहत गुजरना पड़ता है।

क्यों लिया ये फैसला?

मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने यानी स्थानीय विनिर्माण को आगे बढ़ाने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर के आयात पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया गया है।

खबर संक्षेप

कुलगाम से लापता हुआ सेना का जवान मिला

कुलगाम। कश्मीर के कुलगाम से शनिवार को लापता हुआ सेना का जवान जावेद अहमद वानी मिल गया है। कश्मीर पुलिस के एडीजीपी विजय कुमार ने कहा कि मेडिकल चेकअप के बाद उससे पूछताछ शुरू की जाएगी। पुलिस ने इससे अधिक जानकारी नहीं दी है। 25 साल का जवान जावेद अहमद कुलगाम जिले के अस्थाल गांव का रहने वाला है। कहा जा रहा था कि आतंकियों ने शनिवार रात करीब 8 बजे उसे उसकी गाड़ी से किडनैप कर लिया था। कार में खून के निशान भी मिले थे। जावेद के माता-पिता ने आतंकियों से बेटे को छोड़ने की गुहार लगाई थी।

चीनः 2 घंटे ही फोन का इस्तेमाल कर सकेंगे बच्चे

बीजिंग। चीन के साइबर स्पेस वॉचडॉग ने कहा कि बच्चों द्वारा स्मार्टफोन के उपयोग को दिन में दो घंटे तक सीमित रखना चाहिए। चीन ने पांच अलग-अलग आयु समूहों के लिए प्रतिबंधों का सुझाव दिया है, जिसमें 3 से कम, 3-8, 8-12, 12-16 और 16-18 वाले आयु के बच्चे होंगे। 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए प्रति दिन केवल 40 मिनट, 8 से 16 वर्ष के लिए 1 घंटा, 16-18 के लिए दो घंटे तक कर सकेंगे। यानी वे रात के 10 बजे से सुबह के 6 बजे तक इंटरनेट एक्सेस नहीं कर सकेंगे। लागू को लेकर कुछ सवाल अस्पष्ट हैं।

अमेरिकाः चीन की दो कंपनियां ब्लैक लिस्ट

वॉशिंगटन। अमेरिका ने चीन पर उइगर मुसलमानों के जबरन श्रम का आरोप लगाते हुए चीन की दो चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। चीन अपनी कंपनियों में जानबूझकर उइगर मुसलमानों को प्रताड़ित कर रहा है, इसलिए अमेरिका ने चीन की बैटरी निर्माता कंपनी कैमल ग्रुप और मसाले बनाने वाली कंपनी चेंगुआंग बायोटेक ग्रुप के उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (डीएचएस) ने कहा कि चीन की इन दो कंपनियों के उत्पादों को बदेश में अनुमति नहीं दी जाएगी।

रूसः11 अगस्त को चंद्रमा के लिए उड़ान भरेगा यान

मास्को। लगभग 50 वर्षों बाद 11 अगस्त की सुबह रूस का पहला चंद्रयान लूना-25 चंद्रमा के लिए उड़ान भरेगा। सोयुज-2.1बी रॉकेट फ्रेगेट ऊपरी चरण और स्वचालित स्टेशन के साथ अमूर ओब्लास्ट में स्थित वोस्तोचन कोस्मोड्रोम से मास्कों के समय के अनुसार सुबह 2:10 बजे उड़ान भरेगा। इससे पहले रूस का पिछला चंद्रयान यान लूना-24 साल 1976 में लॉन्च किया गया था। इसका रिटर्न कैप्सूल 170 ग्राम चंद्र मिट्टी को पृथ्वी पर वापस लाया था। लूना-25 में रिटर्न कैप्सूल नहीं है।

ड्रोन प्रशिक्षण के लिए मिली स्वीकृति

डीजीसीए खोलेगा 63 रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने ड्रोन और ड्रोन उपकरणों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) को अधिसूचित किया है। इसका उद्देश्य भारत में ड्रोन और ड्रोन उपकरणों की मैन्यूफैक्चरिंग को प्रोत्साहन देना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और वैश्विक रूप से स्पर्धी हो सकें। ड्रोन आयात नीति 9 फरवरी, 2022 को अधिसूचित की गई थी। इसमें विदेशी ड्रोन के आयात तथा ड्रोन उपकरणों के आयात पर पाबंदी लगाई गई। ड्रोन नियम 2021, पीएलआई योजना, ड्रोन आयात पर पाबंदी और बढ़ते उपयोग के संयुक्त लाभ को देखते हुए भारतीय ड्रोन उद्योग में रोजगार के बढ़ने के साथ इसमें विकास की भी संभावना है। ड्रोन नियम 2021 की अधिसूचना के बाद से डीजीसीए द्वारा देश में ड्रोन प्रशिक्षण, कौशल प्रदान करने के लिए 63 आरपीटीओ स्वीकृत किए गए हैं। अब तक इन ट्रेनिंग स्कूलों ने 5500 से अधिक रिमोट पायलट सर्टिफिकेट को प्रमाणित किया है। अभी तक अनूठी पहचान संख्या के साथ कुल 10010 ड्रोन पंजीकृत हैं। डीजीसीए ने भारत में ड्रोन मैन्यूफैक्चरिंग के लिए 25 प्रकार के प्रमाणपत्र जारी किए हैं।

- स्वदेशी ड्रोन निर्माण को प्रोत्साहन देना

इन संस्थानों को किया अधिकृत

- ड्रोन प्रमाणित 5500 से अधिक रिमोट पायलट सर्टिफिकेट के लिए ट्रेनिंग स्कूल।
- अनूठी पहचान संख्या के साथ 10 हजार से अधिक ड्रोन पंजीकृत हैं।
- डीजीसीए ने भारत में ड्रोन मैन्यूफैक्चरिंग के लिए अब तक 25 तरह के सर्टिफिकेट जारी किये हैं।
- देश में 25 जुलाई, 2023 तक 63 डीजीसीए अधिकृत रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन (आरपीटीओ) हैं।
- डीजीसीए ने मध्य प्रदेश में 3 आरपीटीओ आवेदनों को स्वीकृति दी है
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी, ग्वालियर।
- अल्टीमेट एनर्जी रिसोर्स प्रालि, भोपाल।
- इंदिरा गांधी उड़ान अकादमी, भोपाल।

भारत पड़ोसियों के साथ संबंधों को सामान्य रखने के पक्ष में लेकिन...

पाकिस्तान से आतंक और हिंसा रहित माहौल में ही होगी बातचीतः बागची

पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की भारत के साथ बातचीत की इच्छा जताने के बाद भारत की प्रतिक्रिया साझा करते हुए बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भारत के साथ बातचीत की इच्छा जताने की हालिया पेशकश के तुरंत बाद अब इस मामले पर भारत की प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें गुरुवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत, पाकिस्तान के साथ बतौर पड़ोसी सामान्य संबंध चाहता है। लेकिन इसके लिए आतंक और हिंसा रहित माहौल का होना जरूरी है।

मंत्रालय की नियमित मीडिया ब्रीफिंग में बागची ने इस मामले से जुड़े एक प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी। जिसमें उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर हमने पाकिस्तान के पीएम की टिप्पणी वाली मीडिया रिपोर्ट देखी हैं। इसे लेकर भारत की बिलकुल साफ और स्पष्ट स्थिति भी जगजाहिर है। जिसमें हमारा मानना है कि हम अपने सभी पड़ोसियों के साथ संबंधों को सामान्य बनाए रखने के पक्ष में हैं। जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है। लेकिन उसके लिए आतंक और शत्रुता से रहित वातावरण का होना जरूरी है।

खास बातें

- नाइजर में 250 भारतीय सुरक्षित
- पाक को आतंकवाद की फैक्ट्री बंद करनी होगी

पाक पीएम ने लगाई थी गुहार

गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बीते दिनों भारत से बातचीत की इच्छा जताते हुए कहा था कि हम सबसे बात करने के लिए तैयार हैं। यहां तक कि अपने पड़ोसी के साथ भी। लेकिन इसमें शर्त ये है कि पड़ोसी बातचीत की मेज पर गंभीर मुद्दों पर बात करने के लिए गंभीर हो। क्योंकि जंग अब कोई समाधान नहीं है। शरीफ ने यह भी कहा कि जब तक अनसुलझे मुद्दों का समाधान नहीं किया जाता। तब तक हम दोनों सामान्य पड़ोसी नहीं बन सकते। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री का यह बयान एक ऐसे समय में सामने आया है। जब वह पिछले डेढ़ साल से पाकिस्तान गंभीर राजनीतिक और आर्थिक संकट से जूझ रहा है। यह हालांकि पहली बार नहीं है कि जब पाक पीएम ने भारत से बातचीत की पेशकश की है। इससे पहले भी वो ऐसा कर चुके हैं।

370 की समाप्ति के बाद बिगड़े संबंध

वर्ष 2019 में जम्मू-कश्मीर से धारा-370 की समाप्ति और सूबे को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांटने के बाद दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध पटरी से उतर गए थे। भारत के इस निर्णय के बाद तत्कालीन पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस्लामाबाद में कार्यरत भारतीय उच्चायुक्त को हटाकर भारत के साथ अपने सभी व्यापारिक संबंध भी पूरी तरह से समाप्त कर दिए थे। वहीं आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति रखने वाले भारत ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों से पाकिस्तान को आतंकवाद के मसले पर लगातार खरी खोटी सुनाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर विदेश मंत्री एस.जयशंकर तक पाकिस्तान को आतंकवाद की फैक्ट्री बता चुके हैं। दुनिया के तमाम देश इसे लेकर उसकी आलोचना करते हैं। केवल चीन आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान का मददगार और ढाल बना हुआ है।

अरिहा की भारत वापसी की कोशिशें जारी

अरिंदम ने ब्रीफिंग में कुछ अन्य प्रश्नों के भी जवाब दिए। जिसमें अफ्रीकी देश नाइजर में जारी संकट को लेकर उन्होंने कहा कि वहां पर करीब 250 भारतीय हैं। जो कि सुरक्षित हैं। हम अपने नागरिकों के संपर्क में हैं। उनकी तरफ से अभी तक हमें किसी तरह की कोई शिकायत नहीं मिली है। फ्रांस और यूरोपीय संघ ने अपने नागरिकों को कुछ उड़ानों के जरिए बाहर निकाला है। इसमें 10 से 15 भारतीय भी शामिल हैं। इनमें से कुछ अस्थायी वीजा पर थे और कुछ व्यापारी हैं। यह अपने आप नाइजर छोड़कर जा रहे हैं। उधर नाइजर ने 5 देशों के साथ लगी हुई अपनी सीमाएं भी खोल दी है। जिससे देश छोड़कर जाने वालों को आवाजाही में आसानी होगी। जर्मनी के पालन पोषण गृह में रह रही भारतीय बच्ची अरिहा शाह के मामले को लेकर बागची ने कहा, भारत इस मामले को शीर्ष प्राथमिकता दे रहा है। इस संबंध में हमने इस सप्ताह जर्मनी के राजदूत को बुलाया है। साथ ही हमने जर्मनी के अधिकारियों से बच्चे को जल्द से जल्द वापस लाने के लिए कहा है। भारत इस संबंध में जर्मनी के अधिकारियों के संपर्क में है। ब्रिक्स पर भारत की स्थिति को लेकर उन्होंने कहा कि हमने पहले ही अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। ब्रिक्स सदस्य आंतरिक रूप से ब्रिक्स विस्तार के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों, मानकों, मानदंडों और प्रक्रियाओं पर चर्चा कर रहे हैं। ये सच नहीं है कि भारत को इस बारे में कुछ आपत्तियां हैं।

मेवात हिंसा पर अमेरिका की भी नजर, शांति बनाए रखने की अपील की

बयान जारी कर बोले अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर, शांति बनाए रखें दोनों पक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा और आगजनी को लेकर अब विदेशों से भी प्रतिक्रिया आने लगी है। अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। अमेरिका हमेशा की तरह शांति की अपील के साथ दोनों पक्षों से हिंसक कार्य न करने की अपील करता है। हमें हिंसा के बारे में पता नहीं था। अमेरिका के लोगों से इसके बारे में सुनने में आया है। हमने दूतावास से संपर्क किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि आप हिंसा रोकने और शांति बहाल करने के लिए स्थानीय अधिकारियों द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जानते हैं।

दंगे में मारे गए 6 लोग

नूंह में हिंदू संगठनों द्वारा निकाली गई ब्रजमंडल यात्रा के दौरान पथराव, हिंसा और आगजनी की घटना हुई। जिसमें सैकड़ों कारों को आग लगा दी गई, साइबर थाने पर भी हमला किया गया। मेवात से शुरू हुई इस हिंसा की आग अब गुरुग्राम तक पहुंच गई है। हिंसा और आगजनी में अब तक 6 लोग मारे गए। प्रदेश सरकार ने हिंसा पर काबू पाने के लिए यहां अर्धसैन्यबलों की 20 कंपनियों को तैनात किया है।

दोषियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

उधर सांप्रदायिक हिंसा की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन के साथ ही हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर ने साफ किया है कि इस हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ ही सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की भरपाई भी दोषियों से ही की जाएगी।

पाक से मंगवाई थी ड्रग्स की खेप

एसएसओसी ने अमृतसर में पकड़ी 42 करोड़ की हेरोइन

एजेंसी ⏭ अमृतसर

पंजाब के अमृतसर में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) की टीम ने नशा तस्कर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। डीजीपी गौरव यादव ने खुद ट्वीट करके इसकी जानकारी को सांझा किया है। एसएसओसी की टीम ने नशा तस्कर से 6 किलो हेरोइन और 1.5 लाख रुपए ड्रग मनी भी जब्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जालंधर के मैहतपुर के गांव बूटे दियां छना निवासी शिंदर सिंह के रूप में हुई है। आरोपी ड्रग तस्कर है।

बाढ़ का फायदा उठाकर तस्करी

एआईजी एसएसओसी सुखमिंदर सिंह मान ने कहा कि पाक स्थित तस्करों ने फिरोजपुर सेक्टर में बॉर्डर पर बाढ़ के कारण पैदा हुए हालातों का फायदा उठाकर सतलुज नदी के रास्ते नशीली पदार्थों की खेप की तस्करी की थी। अमृतसर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 25 और 29 के तहत एफआईआर नंबर 23/ 2023 दर्ज किया गया है।

जयशंकर ने चीन-पाक पर साधा निशाना

यूएन के सदस्य चाहते हैं बदलाव, लेकिन कुछ सिस्टम के साथ कर रहे छेड़छाड़

- मैसूर में टी-20 सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए बोले

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने हाल ही में मैसूर में थिंक-20 (टी-20) सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए चीन और पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र में कुछ देश हैं। जो बदलाव नहीं देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य भी बदलाव देखना चाहते हैं। ऐसा नहीं चाहने वालों की संख्या काफी कम है। ऐसे समूह सिस्टम में छेड़खानी कर रहे हैं। यहां बता दें कि विदेश मंत्री ने बुधवार को ट्विटर पर अपने इस संबोधन का वीडियो लिंक शेयर किया है। जिसमें वह मौजूदा दौर में जी-20 के सामने आ रही चुनौतियों पर बात करते हुए नजर आ रहे हैं।

इन वजहों से उत्पन्न होती बाधाएं

विदेश मंत्री ने कहा कि उत्तर-दक्षिण विभाजन और पूर्व-पश्चिम के बीच अलगाव, सभी क्षेत्रों में कोरोना का प्रभाव, रूस, आर्थिक संकट और यूक्रेन युद्ध सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। देश इस दिशा में काम कर रहा है कि भारत दुनिया के लिए तैयार हो।

इन चार स्तंभों पर टिका होगा भविष्य

उधर विदेश मंत्री ने 9वें सीआईआई इंडिया-कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और लैटिन अमेरिकी देशों की साझेदारी का भविष्य चार महत्वपूर्ण स्तंभों पर आधारित होगा। इसमें आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण, संसाधन साझेदारी, विकासात्मक साझेदारी साझा करना और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना मुख्य है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि यह आयोजन हमारे सहयोग की बढ़ती तीव्रता को बढ़ावा देगा। हमारी व्यस्तताओं और बातचीत पर अधिक व ध्यान दिया जा रहा है। भारत के साथ गहरे जुड़ाव के लिए एलएसी में बढ़ती रुचि और इसके विपरीत हमारा व्यापार हमारी साझेदारी की ताकत और प्रमाण है। दोनों की बढ़ती विकासात्मक साझेदारी क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव डाल रही है।

एजेंडे में न्यूक्लियर पावर सबसे ऊपर, सऊदी की खाड़ी देशों को लीड करने की चाहत

तीन शर्तों पर इजरायल से सऊदी की होगी सुलह!

सऊदी अरब ने इजरायल से संबंध सामान्य करने बड़ी शर्तें रखी हैं। एमबीएस की प्रमुख मांग है कि सऊदी में एक सिविल न्यूक्लियर प्लांट स्थापित हो।

एजेंसी ⏭ रियाद

सऊदी अरब इजरायल के साथ दोस्ती तो बढ़ा रहा है लेकिन दोस्ती के लिए उसकी तीन शर्तें हैं। सबसे बड़ी शर्त न्यूक्लियर प्रोग्राम स्थापित करने की है। बड़ी बात ये है कि इससे अमेरिका को कोई दिक्कत नहीं है। परेशानी है तो इजरायल को, जो पहले से ही ईरान की तरफ से न्यूक्लियर खतरे का सामना करता है। आधिकारिक रूप से इजरायल ने न्यूक्लियर प्रोग्राम पर कोई टिप्पणी नहीं की है। मोहम्मद बिन सलमान परमाणु हथियार बनाने की अपनी मंशा जाहिर कर चुके हैं।

खास बातें

- सऊदी में एक सिविल न्यूक्लियर प्लांट स्थापित हो
- सऊदी अरब की इस डील से ईरान हो सकता है नाराज

ईरान ने बनाया तो हम भी बनाएंगे न्यूक्लियर हथियार

क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने न्यूक्लियर हथियार बनाने की अपनी मंशा जाहिर की थी। मसलन, मार्च 2018 में एमबीएस ने कहा था कि ऐसे तो सऊदी अरब की परमाणु हथियार हासिल करने की मंशा नहीं रखता, लेकिन अगर ईरान ने कोई परमाणु हथियार बनाया है तो वह भी इसमें पीछे नहीं रहेंगे।

बाइडेन फाइनल करना चाहते हैं डील

सऊदी अरब की न्यूक्लियर डिमांड जो बाइडेन के लिए भी दुविधा बन गई है। उनकी कोशिश है कि 2024 राष्ट्रपति चुनाव से पहले सऊदी-इजरायल डील को फाइनल कर लें। सऊदी अरब और इजरायल के बीच बातचीत के साथ ही अमेरिका ने भी अपने प्रतिनिधि रियाद भेजे।

यह हैं तीन बड़ी शर्तें

सऊदी अरब ने कथित तौर पर इजराइल के साथ समझौते के लिए तीन शर्तें रखी है। इनमें अमेरिका की एडवांस्ड टेक्नोलॉजी जैसे थाड मिसाइल सिस्टम हासिल करना, अमेरिका के साथ रक्षा सहयोग स्थापित करना और सिविल उद्देश्य के लिए न्यूक्लियर पावर स्थापित करना शामिल है। इनके अलावा फिलिस्तीन को पूर्ण राज्य का दर्जा देना भी शर्तों में शामिल है। इससे इजरायल पहले ही इनकार कर चुका है। मोहम्मद बिन सलमान की खाड़ी देशों को लीड करने की चाहत है। उनकी प्लानिंग है कि वह यूएआई और ईरान से आगे निकलकर ही गल्फ को डोमिनेट कर सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com